RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

HAPPY Holi

साझा करें अपने मित्रों से
श्रीकंचनपथ ONLINE
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

वर्ष- 13, अंक - 150 | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, गुरूवार 17 मार्च 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-










**मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पेश की ताड़मेटला कांड की रिपोर्ट**

# 250 घर किसने जलाए स्पष्ट नहीं सीबीआई भी कर रही मामले की जांच

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के अति संवेदनशील सुकमा जिले के ताड़मेटला, मोरपल्ली और तिम्मापुरम गांवों में आदिवासियों के 250 घरों को जला दिया गया था। घरों को किसने जलाया, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। सीएम भूपेश बघेल ने ताड़मेटला मुठभेड़ और अग्निकांड के अलावा दोरनापाल में स्वामी अग्निवेश के साथ घटित घटना की जांच के लिए गठित विशेष न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट सदन में बुधवार को पेश कर दी। न्यायिक जांच आयोग ने स्वामी अग्निवेश पर दोरनापाल में हुए हमलों में भी पुलिस अफसरों को क्लीनचिट दिया है। आगजनी की सीबीआई भी जांच कर रही है और उनके अभियोग पत्र में स्थिति स्पष्ट होने की बात कही गई है।

जस्टिस टीपी शर्मा की अध्यक्षता वाली विशेष न्यायिक जांच आयोग की




रिपोर्ट ने ताड़मेटला मोरपल्ली तिम्मापुरम में ग्रामीणों के घरों को जलाने की घटना को स्वीकार किया गया है, लेकिन यह टिप्पणी भी की है कि मकान किसके द्वारा जलाए गए, इस संबंध में कोई साक्ष्य नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 11 मार्च 2011 को मोरपल्ली गांव में पुलिस, सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के साथ नक्सली भी मौजूद थे और वहां पुलिस की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। गांव में 31 मकान खाक हो गए, जिसकी वजह से ग्रामीणों को नुकसान हुआ। मकान पुलिस ने जलाए या नक्सलियों ने यह प्रमाणित नहीं हुआ।

### मुठभेड़ के बाद गांवों में लगी थी आग

तिम्मापुरम में 13 मार्च 2011 को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। यहां हेलिकाप्टर से कोबरा बटालियन और सीआरपीएफ को उतारा गया था। तिम्मापुरम गांव में 59 मकानों में आग लगी। चार-पांच मकान पुलिस के ग्रेनेड दागे जाने से जले थे। इन मकानों से पुलिस पर गोलीबारी हो रही थी। शेष मकान किसने जलाए यह पता नहीं। 16 मार्च को ताड़मेटला गांव में पुलिस, सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम के साथ नक्सलियों की मुठभेड़ हुई। यहां पर 160 मकान जलाए गए। यह मकान पुलिस ने जलाए या नक्सलियों ने यह प्रमाणित नहीं पाया जाता। इस मामले की सीबीआई जांच कर रही है। उनकी जांच के बाद अभियोगपत्र में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

आयोग के सामने तत्कालीन आईजी एसएसपी कल्लूरी ने उक्त क्षेत्र को नक्सलियों का लिबरेटेड जोन बताया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि लिबरेटेड जोन में पुलिस और प्रशासन की पहुंच नहीं है। अति संवेदनशील इलाकों में नक्सलियों द्वारा जनताना सरकार चलता है। उनके कलेक्टर, उनके पुलिस अधिकारी होते हैं। वे अपना शासन जन मिलिशिया संघम के माध्यम से चलाते हैं। वहीं स्वामी अग्निवेश पर हुए हमले में पुलिस अफसरों को क्लीन चिट दे दिया है। यह विरोध एसआरपी कल्लूरी अथवा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा प्रायोजित होने का कोई स्वीकार योग्य साक्ष्य नहीं मिला है। स्वामी अग्निवेश को पुलिस ने पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई थी। विधानसभा में पेश की गई जांच रिपोर्ट तत्कालीन आईजी कल्लुरी को क्लीन चिट भी देती है।

# भूकंप से हाहाकारः 20 लाख घरों में बिजली गुल, चलती ट्रेन पटरी से उतरी, सुनामी की चेतावनी जारी



**टोक्यो (एजेंसी)।** उत्तरी जापान के फुकुशिमा इलाके में बुधवार शाम 7.3 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप के आने से सनसनी फैल गई। इसके कुछ देर बाद ही सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई। भूकंप के आने के बाद से लोगों के बीच दहशत का माहौल है। ताजा जानकारी के अनुसार इस भूकंप में अब तक चार लोगों की मौत हुई है जबकि 126 घायल बताए जा रहे हैं। सरकार ने एहतियान कदम उठाते हुए 20 लाख से अधिक घरों की बिजली काटने का आदेश दे दिया। भूकंप के बाद उत्तरी जापान कई शॉपिंग मॉल बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए।

### चलती बुलेट ट्रेन पटरी से नीचे उतरी

भूकंप की तीव्रता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वहां एक चलती बुलेट ट्रेन पटरी से नीचे उतर गई। उस वक्त ट्रेन में लगभग 100 लोग सवार थे। हालांकि इस दौरान कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ। जापान की ईस्ट निप्पॉन कंपनी के मुताबिक कई एक्सप्रेसवे को आवाजाही के लिए बंद कर दिया है। इसके अलावा और भी कई बुलेट ट्रेनों को बंद कर दिया गया है।

### सुनामी की चेतावनी जारी

जापान के मौसम विभाग ने बताया है कि देश के उत्तरी-पूर्वी क्षेत्र में सुनामी का अलर्ट जारी किया गया है। भूकंप के असर से फुकुशिमा के तट पर तीन फुट तक की लहरें उठ सकती हैं। हालात पर नजर रखी जा रही है।

# द कश्मीर फाइल्स देखकर सीएम भूपेश बोले-आधी अधूरी फिल्म, नहीं दिखाया समाधान का रास्ता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** चर्चित फिल्म द कश्मीर फाइल्स देखने के बाद सीएम भूपेश बघेल ने फिल्म को लेकर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने फिल्म देखने के बाद मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि आधी अधूरी फिल्म है। इसमें कश्मीरी पंडितों का पलायन दिखाया गया है लेकिन समाधान का रास्ता नहीं बताया। कश्मीर से जब पंडितों का पलायन हो रहा था उस समय केन्द्र में भाजपा के समर्थन वाली सरकार ही थी।

बता दें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बुधवार को मंत्रीमंडल के सदस्यों के साथ मैग्नेटो मॉल जाकर द कश्मीर फाइल्स फिल्म देखी। उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, मंत्री अमरजीत भगत, डॉ. शिव कुमार डहरिया और डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम भी पहुंचे थे। साथ ही रायपुर व दुर्ग भिलाई से भी कांग्रेसी नेताओं ने उनके साथ यह फिल्म देखी। फिल्म देखने के बाद वे थिएटर के बाहर कुछ देर तक फिल्म को



लेकर मीडिया से चर्चा की।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि यह वहां पर हुई आतंकवादी घटनाओं पर बनाई गई फिल्म है। एक परिवार पर घटी घटनाओं को लेकर आगे बढ़ती है। अंत में फिल्म कहता है कि इसमें न केवल हिंदुओं की बल्कि वहां के बौद्धिस्टों, सिख और मुस्लिमों की भी हत्याएं हुई जो भारत के साथ थे। फिल्म में हिंसा की भरमार है और पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित दिख रही है। सीएम ने कहा कि उस समय पर वहां राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया, लेकिन सेना नहीं भेजी गई। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने उस समय सांसद का घेराव किया था तब जाकर सेना भेजी। सीएम बघेल फिल्म को टैक्स फ्री कराने की मांग पर कहा कि इसका कोई औचित्य ही नहीं है। फिल्म हिंसा के साथ आगे बढ़ती और आखिर तक कोई समाधान नहीं दिखाया गया है।

### भाजपा पर साधा निशाना

फिल्म देखने के बाद सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब कश्मीरी पंडितों पर अत्याचार व उनका पलायन हो रहा था तब देश के प्रधानमंत्री वीपी सिंह थे। उस समय में इस सरकार को अटल बिहारी बाजपेयी व लाल कृष्ण आड़वानी की अगुवाई वाली भाजपा का समर्थन भी मिला हुआ था। उस समय कश्मीरी पंडितों को रोकने का प्रयास नहीं किया गया, बल्कि कश्मीरी पंडितों को जाने के लिए कहा गया।

# होली पर अमन के लिए जुमे की नमाज का समय बदला, आधे से एक घंटे तक का परिवर्तन



**लखनऊ (एजेंसी)।** जुमा की नमाज, शब-ए-बरात और होली एक ही दिन पड़ रही है। शहर में अमन-चैन बना रहे, इसके लिए शुक्रवार को होने वाली जुमा की विशेष नमाज के समय में बदलाव किया गया है। शहर की मस्जिदों में होने वाली नमाज के वक्त को आधा घंटा से लेकर एक घंटा तक आगे बढ़ा दिया गया है। वहीं, इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया एवं ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का ख्याल रखने और अमन व शांति बनाए रखने की अपील की है।

ऐशबाग ईदगाह स्थित जामा मस्जिद में जुमा की नमाज का समय 12:45 से बढ़ाकर 2 बजे किया गया है। मस्जिद ऐशबाग, चौक की मदीना मस्जिद, नादान महल रोड स्थित मस्जिद तकवियतुल ईमान, हसनगंज स्थित हाता शक्कू मियां मस्जिद में 2 बजे, मस्जिद शाहमीना शाह, अकबरी गेट स्थित मस्जिद एक मीनारा, कच्चा पुल स्थित मस्जिद अनस, चौपटिया स्थित मस्जिद मआविया, गढ़ी कनौरा स्थित मस्जिद खजूर वाली व मस्जिद सिद्दीकिया, तालकटोरा स्थित मस्जिद कादिर खां, मदहेगंज स्थित मस्जिद चांद वाली व मस्जिद शेखुल आलम, एवरेडी चौराहा स्थित मस्जिद खामदी, अबरार नगर मस्जिद मदीना, डालीगंज स्थित मस्जिद उस्मानियां व डोर वाली मस्जिद, खुर्रमनगर स्थित मस्जिद रिंग रोड व मस्जिद फातिमी में 1:30 बजे और मदहेगंज स्थित मस्जिद तकिया वाली और अलीगंज स्थित कपूरथला मस्जिद में जुमा की नमाज का समय बढ़ाकर दोपहर 1:45 बजे किया गया है।

## खास-खबर



### होलिका दहन आज, रंगभरी होली कल

**भिलाई।** उमंग, उल्लास, खुशियों और रंगों का त्योहार होली फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। फाल्गुन माह की पूर्णिमा के दिन होलिका दहन और उसके दूसरे दिन होली खेलने का उत्सव धुलंडी मनाया जाता है। शास्त्रों की मान्यता के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा के दिन स्नान-दान कर उपवास रखने, होलिका की अग्नि की पूजा से मनुष्य के सभी कष्टों का नाश होता है और भगवान विष्णु की विशेष कृपा होती है। होलिका दहन के दिन होली पूजन करने से महालक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। मां लक्ष्मी की कृपा से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है।

होलिका दहन में होलिका और भक्त प्रह्लाद की पूजा की जाती है। सर्वप्रथम सभी देवताओं में प्रथम पूज्य गणेश जी का स्मरण कर,जहां पूजा करनी हैं,उस स्थान पर गंगाजल छिड़क कर पवित्र कर लें। संभव हो तो होलिका दहन वाली सामग्री को अग्नि तत्व की दिशा दक्षिण-पूर्व में रखें। पूजा करते समय पूजा करने वाले व्यक्ति को होलिका के पास पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके बैठना चाहिए। पूजन के लिए तांबे के एक लोटे में जल, माला, रोली, चावल, गंध, फूल, कच्चा सूत, बताशे-गुड़, साबुत हल्दी, गुलाल, नारियल आदि का प्रयोग करना चाहिए। इसके बाद होलिका में गोबर से बने खिलौने व माला भी रखें। साथ में नई फसल के हरे चने की बालियां व गेहूं की बालियां आदि भी सामग्री के रूप में रख लें। अब कच्चे सूत को होलिका के चारों ओर तीन या सात बार लपेटना चाहिए।

### होलिका दहन का शुभ मुहूर्त

इस बार होलिका दहन गुरुवार, 17 मार्च को है। इस दिन दोपहर डेढ़ बजे से पूर्णिमा लग जाएगी। पूर्णिमा की पूजा भी इसी दिन की जाएगी। होलिका दहन का मुहूर्त रात 9 बजकर 20 मिनट से रात्रि 10 बजकर 31 मिनट तक रहेगा। यानी होलिका दहन के लिए कुल मिलाकर एक घंटा 10 मिनट का समय मिलेगा। रंगभरी होली शुक्रवार, 18 मार्च को खेली जाएगी।

# कश्मीरी मुस्लिम ऐक्टिविस्ट जावेद बेग ने पंडितों से माफी मांगी, बोले-मैं गवाह हूं, गुनाह हुए हैं

**मुंबई (एजेंसी)।** फिल्म द कश्मीर फाइल्स की रिलीज के बाद कश्मीरी पंडितों के साथ हुए अत्याचार फिर से चर्चा में आ गया है। अब कश्मीरी लेखक और ऐक्टिविस्ट जावेद बेग के ट्वीट्स वायरल हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर हाथ जोड़कर कश्मीरी पंडितों से माफी मांगी है। उनका कहना है कि उनके वालिदों ने जो गलतियां की यूथ्स को उन्हें मानना चाहिए। पंडितों के साथ गुनाह हुआ है। कश्मीरी मुस्लिमों ने आजादी के नाम पर हाथ में बंदूकें उठाईं। जावेद ने कहा कि यह प्रोपागैंडा नहीं हकीकत है। उन्होंने कहा कि सच सच ही रहता है भले ही कोई इसे कहे या न कहे।





### आजादी के नाम पर पाकिस्तान ने दी बंदूकें

द कश्मीर फाइल्स को लेकर सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंटा है। कुछ लोग फिल्म को प्रोपागैंडा और मुस्लिम विरोधी बता रहे हैं तो कई समर्थन में भी हैं। अब कश्मीरी मुस्लिम लेखक जावेद बेग के कुछ ट्वीट्स सुर्खियों में हैं। एक ट्वीट में उन्होंने लिखा है, मैं कश्मीरी मुस्लिम हूं। हमारी बहन गिरजा टिक्कू के जीते जी टुकड़े कर दिए गए। ये कश्मीरी मुस्लिम परिवारों ने किया जिनके हाथों में पाकिस्तान ने आजादी के नाम पर बंदूकें थमा दी थीं। यह सच है प्रोपागैंडा नहीं। मैं पंडित बिरादरी से हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं।

### सच सच ही रहेगा, मैं शर्मिंदा हूं

जावेद ने एक और ट्वीट किया है, सच कोई न बोले फिर भी वह सच रहता है। झूठ को हर कोई बोलता रहे फिर भी वह झूठ रहता है। मैं कश्मीरी पंडितों के पहले हत्याकांड का गवाह हूं जो कि नवरोज के दिन 21 मार्च 1997 में संग्रामपोरा बीरवाह मेरे होमटाउन में हुआ था। मुझे दुख होता है और शर्मिंदा हूं।

### मैंने देखा है, निहत्थों की हत्या हुई

जावेद की एक क्लिप भी वायरल है। इसमें वह न्यूज चैनल से बोलते दिख रहे हैं, बीरवाह के जिस इलाके से मैं ताल्लुक रखता हूं। 21 मार्च को जो पहला हत्याकांड हुआ था। इसमें दर्जनों कश्मीरी पंडितों को मारा गया था। मैंने वो देखा है। न ही वे लोग आजादी रोक रहे थे। न ही वे किसी कश्मीरी मुसलमान को मार रहे थे। निहत्थे लोग थे। उनमें से एक इलाके का हेडमास्टर साहब था। मेरे जैसा एक नौजवान उसकी शहादत के बाद टीचर लिस्ट में आ गया। वो हत्याकांड नहीं है तो क्या है। निहत्थे लोगों के साथ आप जो कर रहे हो वो जुल्म नहीं है तो क्या है जिन लोगों ने कश्मीरी पंडितों को मारा है वे हमारी ही बस्तियों के, हमारे ही लोग थे।

### इस्लाम का फर्ज है मुसीबत में गैर मुस्लिम को बचाना

कश्मीरी पंडित कोई गैर नहीं थे। हमारा ही खून हैं। हमारी ही नस्ल हैं। जानवर भी जानवर को नहीं मारते। जो मेरे वालिद साहब की पीढ़ी ने जो गलतियां कीं, एक प्रोग्रेसिव यूथ होने के नाते, हमें मानना चाहिए कि गुनाह हुए हैं। इसके लिए हम सबको सामूहिक रूप से कश्मीरी पंडितों से माफी मांगनी चाहिए। इसके लिए किसी मूवी की जरूरत नहीं है। इसके लिए बस जमीर की जरूरत है। इस्लाम में भी लिखा है कि अगर कहीं युद्ध हो और आपके इलाके में कोई गैर मुस्लिम है तो उसकी इज्जत, जिंदगी और प्रॉपर्टी को बचाना आपका फर्ज है।

# हरभजन सिंह आम आदमी पार्टी की तरफसे होंगे राज्यसभा उम्मीदवार



**अमृतसर (एजेंसी)।** क्रिकेटर हरभजन सिंह को आम आदमी पार्टी की तरफ से राज्यसभा उम्मीदवार बनाया गया है। भगवंत मान के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद आप के विश्वस्त सूत्रों की तरफसे कहा गया था कि पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह का नाम पार्टी ने राज्यसभा में भेजने के लिए तय कर लिया है। वहीं सूत्रों के अनुसार, हरभजन सिंह को पंजाब में एक खेल विश्वविद्यालय का प्रमुख बनाए जाने की भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। भगवंत मान के सीएम चुने जाने पर हरभजन सिंह ने उन्हें बधाई देते हुए ट्वीट किया था। उन्होंने कहा था कि आम आदमी पार्टी और मेरे दोस्त भगवंत मान को हमारा नए मुख्यमंत्री बनने पर बधाई.. यह सुनकर बहुत अच्छा लगा कि वह भगत सिंह के गांव खटकड़कलां में नए सीएम के रूप में शपथ लिये।



## संपादकीय

# द्वेष का निदान

संयुक्त राष्ट्र महासभा में मंगलवार को इस्लामोफोबिया से निपटने के लिए 15 मार्च को अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाए जाने का प्रस्ताव पारित हो गया, तो इस पर न केवल बहस तेज हो गई है, बल्कि अन्य धर्मों की भी चर्चा हो रही है। गौरतलब है, 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस्लामिक सहयोग संगठन ने यह प्रस्ताव पेश किया था। इस प्रस्ताव के पीछे मुख्य रूप से पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, मिस्र, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, कुवैत जैसे देशों का सर्वाधिक सहयोग है। सबसे बड़ी बात कि जिस देश में सहज धार्मिक आजादी नहीं है, ऐसे देश चीन ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। भारत और फ्रांस जैसे चंद देश हैं, जो इस प्रस्ताव के पक्ष में नहीं थे। भारतीय प्रतिनिधि ने महासभा में खुलकर अपना पक्ष रखते हुए कहा है कि किसी भी धर्म विशेष के लिए ऐसा विशेष दिन नहीं होना चाहिए। भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी एस तिरुमूर्ति ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि भारत समझता है, पारित प्रस्ताव कोई मिसाल कायम नहीं करता है। इसका नतीजा यह होगा कि कई अन्य धर्मों से संबंधित फोबिया के प्रस्ताव भी संयुक्त राष्ट्र में आएंगे और संयुक्त राष्ट्र धार्मिक खेमों में बंट जाएगा। भारत ने उचित ही यह भी याद दिलाया कि 2019 में ही यह तय हो चुका था कि धार्मिक हिंसा के शिकार लोगों के साथ सहानुभूति जताने के लिए हर साल 22 अगस्त को अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाएगा। वास्तव में, 2019 के फैसले के बाद किसी धर्म विशेष के संरक्षण के लिए दिवस घोषित करने की जरूरत नहीं थी। संयुक्त राष्ट्र को धर्म संबंधी घृणा का समग्रता में उपचार करना चाहिए। जब दुनिया में पचास से अधिक विशेष धर्म आधारित देश हैं, इनमें से ज्यादातर देशों में दूसरे धर्मों का विरोध सामान्य रूप से देखा जाता है। आज दुनिया में जहां इस्लाम के प्रति नफरत बड़ा खतरा है, वहीं गैर-इस्लामी पंथों के प्रति घृणा को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। इस फैसले या विचार को समता भाव के साथ न्यायपूर्ण नजरिये से देखना चाहिए। बेशक, इस्लामोफोबिया को रोका जाता है, तो इससे भी दुनिया में शांति व सद्भाव को बल मिलेगा। यहां चिंता इसलिए ज्यादा होती है, क्योंकि इस दिवस के लिए पाकिस्तान सरकार वर्ष 2019 से ही प्रयासरत थी। वर्ष 2020 में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने सभी मुस्लिम देशों को पत्र लिखा था और उसके बाद ही वर्ष 2021 में पाकिस्तान की पहल पर इस्लामोफोबिया विरोधी दिवस 15 मार्च को मनाया गया था। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की जो स्थिति है, वह किसी से छिपी नहीं है। और तो और, इसी महीने पाकिस्तान में पुलिस ने हाफिजाबाद शहर में अहमदिया मुस्लिम संप्रदाय से संबंधित 45 कब्रों को नष्ट किया है। पाकिस्तानी संविधान आधिकारिक तौर पर इस्लाम के अहमदिया संप्रदाय को काफिर मानता है। दूसरे समाजों, संप्रदायों के प्रति द्वेष का भाव जब वहां संविधान में है, तो इस्लामोफोबिया के प्रति शिकायत कितनी वाजिब है? पाकिस्तान को अपने यहां सद्भाव की कोई चिंता नहीं है, पर कथित रूप से गैर-मुस्लिम देशों में बढ़ते इस्लामोफोबिया का मुकाबला करने के लिए वह कार्य करना चाहता है। दुनिया को सांप्रदायिकता के मामले में ज्यादा ईमानदार होना चाहिए। अगर कोई देश धर्म के आधार पर किसी भी तरह की प्राथमिकता का इजहार कर रहा है या दूसरे धर्म के लोगों के प्रति भेदभाव बरत रहा है, तो उसे ईमानदारी से इंसानियत के दायरे में सोच लेना चाहिए।

> “ संयुक्त राष्ट्र को धर्म संबंधी घृणा का समग्रता में उपचार करना चाहिए। जब दुनिया में पचास से अधिक विशेष धर्म आधारित देश हैं, इनमें से ज्यादातर देशों में दूसरे धर्मों का विरोध सामान्य रूप से देखा जाता है। आज दुनिया में जहां इस्लाम के प्रति नफरत बड़ा खतरा है, वहीं गैर-इस्लामी पंथों के प्रति घृणा को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। इस फैसले या विचार को समता भाव के साथ न्यायपूर्ण नजरिये से देखना चाहिए।

> “ हमारी सेना के 63 प्रतिशत हथियार या उपकरण रूस से ही आए हैं। अब आगे क्या होने वाला है? अतः भारत का सचेत और तैयार रहना जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र संघ की जब स्थापना हुई थी, तब यह सोचा गया था कि यह संस्था सभी विवाद सुलझाएगी, विश्व शांति के लिए प्रयास करेगी और दुनिया में युद्ध नहीं होंगे। हमें आंख खोलकर देख लेना चाहिए कि ये तमाम संस्थाएं आज मूकदर्शक की स्थिति में हैं और युद्ध जारी है।

# सहसा उस पर कैसे हो विश्वास

मोहन भंडारी, लेफ्टिनेंट जनरल
(रिटायर्ड)

चीन की ओर से एकतरफा बात सामने आई है कि उसने हॉटप्रिरंग क्षेत्र खाली कर दिया है। पिछले दिनों भारत और चीन के कोर कमांडर के बीच 15 दौर की वार्ता हुई थी और रूस ने भी चीन को बताया है कि अभी भारत के साथ मेल-मिलाप रखो। शायद इसीलिए चीन ने यह बयान दिया है कि हॉटप्रिरंग से वह हट गया है, पर जब तक इस तथ्य को हम जमीन पर स्पष्ट नहीं देख पाएंगे, तब तक इंतजार करना चाहिए। सैटेलाइट के जरिये या भौतिक रूप से भी चीन के दावे को परखना चाहिए।

यह विडंबना है कि जहां दोनों तरफ 60-60 हजार की फौज तैनात है, तब आप 15वें दौर की वार्ता कर रहे थे और आगे भी करेंगे। तैनाती और तनाव के समय वार्ता का क्या औचित्य बनता है, यह सवाल आसानी से उठाया जा सकता है। लेकिन इस सवाल से ज्यादा महत्वपूर्ण है यह ध्यान रखना कि हॉटप्रिरंग के बाएं देपसांग का इलाका भारत के लिए ज्यादा जरूरी है, और वही लाइन ऊपर कारकोरम तक जाती है। वहां लाइन ऑफ कंट्रोल पर कोई रस्सी या तार नहीं है, खंभे भी नहीं हैं। ऐसे में, दोनों देशों के अपने-अपने दावे हैं और कई वर्षों से झगड़ा चलता आ रहा है। वर्ष 1959 में चीन ने एक लाइन बनाकर दी थी, जिसे हम नहीं मानते हैं। हमारा कहना है कि जो लाइन पहले थी, वही रहनी चाहिए। लगातार चल रही वार्ताओं में चीन भारतीय मांग को गैर-वाजिब बताता आ रहा है। अतः चीन ने अभी पीछे हटने के बारे में जो कहा है, उस पर सहसा विश्वास नहीं किया जा सकता। हमारे लिए हॉटप्रिरंग के ऊपर का इलाका ज्यादा सामरिक महत्व का है। जब हमारी विशेष फौज ने पहाड़ियों पर दबाव बनाया था, तब चीन कुछ पीछे हटा था, लेकिन कुछ जगहों से पीछे हटने से बात नहीं बनेगी। पूरा इलाका ही चीन को खाली करना चाहिए।



वैसे हॉटप्रिरंग की कहानी पुरानी है, यह क्षेत्र अक्सर चर्चा में आता रहा है। साल 1959 में निर्माणाधीन हॉटप्रिरंग्स पोस्ट से एक टोही दस्ता लापता हो गया था। तब चीनी सेना ने कोंगका दर्रे पर कब्जा कर लिया था। लापता पुलिसकर्मियों की तलाश शुरू कर दी गई थी, जिन्हें शत्रुतापूर्ण चीनी सैनिकों का सामना करना पड़ा था। गोलाबारी शुरू हो गई थी। उस कार्रवाई में सीआरपीएफ के नौ जवान मौके पर शहीद हो गए थे और एक घायल जवान बाद में शहीद हुए थे। उस दिवस 21 अक्तूबर था, यह दिन पूरे भारत में अब पुलिस शहीद दिवस या पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। गौर करने की बात है कि उसी बड़ी घटना के बाद पुलिस-अर्द्धसैनिक बलों को हटाकर चीन सीमा पर सेना को तैनात किया गया था। अब चीन अगर हॉटप्रिरंग छोड़ता है या पीछे हटता है, तो वह एक तरह से अपनी गलती ही सुधारेगा।

हो यह रहा है कि 1959 के बाद से ही चीनी सैनिक थोड़ा-थोड़ा करते हमारी सीमा में घुसते आ रहे हैं। जैसे अभी नेपाल के उत्तर में चीन ने दो-चार गांवों पर कब्जा कर लिया है, जिसका हल्ला नेपाली संसद में भी हुआ है, लेकिन नेपाल में कम्युनिस्ट पार्टी का असर है, इसलिए वहां की सरकार ने इस पर कुछ नहीं किया। चीनियों की फितरत है कि दूसरे देशों के इलाकों को धीरे-धीरे कुतरते रहो। अभी भी कुछ इलाकों में वे अंदर हैं। हम लतागार बोलते आ रहे हैं कि आप अनधिकृत रूप से घुस आए हैं, वापस जाइए।

अब हॉटप्रिरंग छोड़ने की बात करके चीन शायद यह दिखाना चाहता है कि उसका जोर शांतिपूर्ण समाधान पर है, लेकिन हमें आश्वस्त नहीं बैठना चाहिए। तैयारी पूरी रखनी चाहिए। चीन हमारी तरफ या ताईवान की ओर गुस्ताखी कर सकता है। रूस द्वारा यूक्रेन पर हमले के बाद से ही चीन को लेकर चर्चा हो रही है। चीन की साम्राज्यवादी नीतियां किसी से छिपी नहीं हैं। हमें ध्यान रखना चाहिए, चीन अगर दुस्साहस करता है, तो कोई भी तीसरा देश हमारे साथ शायद ही आएगा। गौर करने की बात है कि नाटो देश यूक्रेन के साथ थे, लेकिन रूस ने जब हमला बोला, तो उसके खिलाफ कोई देश खुलकर सामने नहीं आया। हमें दुनिया के हालात को समझकर तैयारी रखनी चाहिए। रक्षा सामान के लिए रूस पर हमारी बहुत निर्भरता है, लेकिन हमारी मुसीबत के समय वह शायद ही आगे आ पाएगा। रूस के साथ कुछ रक्षा सौदे बीच में अटक जाएंगे, ऐसा लग रहा है। हमारी सेना के 63 प्रतिशत हथियार या उपकरण रूस से ही आए हैं। अब आगे क्या होने वाला है? अतः भारत का सचेत और तैयार रहना जरूरी है। संयुक्त राष्ट्र संघ की जब स्थापना हुई थी, तब यह सोचा गया था कि यह संस्था सभी विवाद सुलझाएगी, विश्व शांति के लिए प्रयास करेगी और दुनिया में युद्ध नहीं होंगे। हमें आंख खोलकर देख लेना चाहिए कि ये तमाम संस्थाएं आज मूकदर्शक की स्थिति में हैं और युद्ध जारी है। रूस के मामले में हम देख रहे हैं, जिसके हाथ में लाठी है, उसी का जोर चल रहा है। जब रूस की लाठी को मजबूती चाहिए, तब उसने चीन से मदद मांगी है। लेकिन यह युद्ध लड़कर रूस कम से कम 40 साल पीछे चला गया है। आने वाले दिनों में वह चीन पर निर्भर होने वाला है, इससे भी भारत की चिंता बढ़ गई है।

एक-दो दिन में यूक्रेन की राजधानी गिर जाएगी, मतलब यूक्रेन हार जाएगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति विदूषक ही साबित हो रहे हैं। अब जब वह बोल रहे हैं कि नाटो में नहीं जाएंगे, रूस से बातचीत करेंगे, तब सवाल यह उठता है, उन्होंने इतना नरसंहार क्यों कराया?

बहरहाल, हमें अपनी आत्मनिर्भरता पर ध्यान देना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में हमने किसी का पक्ष नहीं लिया है, इसलिए भी कई देश नाराज हैं। वैसे अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कोई स्थायी न मित्र होता है, न शत्रु होता है। उधर, ताइवान ने अपने यहां आपातकाल जैसी घोषणा कर रखी है, हमारे देश में भी गहन मंत्रणा चल रही है कि हमें क्या करना चाहिए। बड़ी समस्या यह है कि चीन ने कभी ईमानदारी का परिचय नहीं दिया। उसने हमारा 38 हजार स्क्वॉयर किलोमीटर क्षेत्र तो अक्साई चिन में ही कब्जा रखा है, जगह-जगह दावे भी कर रहा है। हॉटप्रिरंग तो छोटा मुद्दा है, हमें इतने भर से संतुष्ट नहीं हो जाना चाहिए। यह समय भारत की कूटनीति की अग्निपरीक्षा का है, जिसमें सफल होने में हम सक्षम हैं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# इस बार हर प्रदेश में अलग होगी राजनीतिक रंगों की होली

यूं तो चुनावी नतीजे पक्ष में आने के बाद राजनीतिक दलों के लिए अमूमन हर होली या दिवाली सियासी रंगों से सराबोर होती है। कार्यकर्ताओं का उत्साह दो गुना हो जाता है। नई उम्मीदें हिलोरें लेने लगती हैं। इस होली भी हाल में पांच राज्यों में सम्पन्न विधानसभा चुनाव के बाद फाल्गुन के माह में कुछ ऐसे ही हालात हैं। इन चुनावों में पंजाब को छोड़ बाकी चार राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा एक साथ चार राज्यों में सत्ता में लौटी है, इसलिए जोश का गुलाल कुछ ज्यादा ही उड़ रहा है।

हालांकि उत्तराखंड में पार्टी की भीतरी खींचतान के चलते सीएम का नाम तय होने में दिक्कत पेश आ रही हैं। लेकिन चुनाव के पहले भाजपा में भारी अंतर्कलह और पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदले जाने के बाद भी मतदाताओं ने अगर भाजपा को ही भरपूर बहुमत दिया तो यह वोटरों के भगवा रंग में रंगे होने का ही प्रमाण है, जो दूसरे किसी रंग के प्रति आकर्षित ही नहीं हो रहा। दिलचस्प बात यह है कि जहां भीतरी कलह के लिए मतदाता ने पंजाब में पूर्व में सत्तारूढ़ कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर काला रंग पोता तो इसी बीमारी से ग्रस्त भाजपा को उत्तराखंड में सत्ता से नवाज कर गुलाबी रंग में रंगा।

उधर, गोवा में नए सीएम के रूप में प्रमोद सावंत का नाम फिर तय होने के बाद वहां होली के अवसर पर मनाए जाने वाले 'शिमगोत्सव' में नई जान आ गई है। यह त्यौहार गोवा में रंगपंचमी के मौके पर मनाया जाता है। प्रमोद सावंत 'लो प्रोफाइल' होने के बाद भी पार्टी को दूसरी सत्ता के दरवाजे तक ले जाने वाले नेता साबित हुए हैं।



दरअसल, सावंत मराठा हैं और उन्हें फिर से सीएम की कुर्सी देकर भाजपा ने न सिर्फ गोवा बल्कि पड़ोसी महाराष्ट्र को भी एक राजनीतिक संदेश दिया है। शिमगा गोवा का पारंपरिक त्यौहार है, जो मछुआरा समुदाय में भी काफी लोकप्रिय है।

उधर, मणिपुर में भी मुख्यमंत्री बीरेन सिंह का दोबारा सत्ता संभालना तय है। हालांकि मणिपुर में होली नहीं मनाई जाती, लेकिन होली जैसा रंगोत्सव 'योशांग' हर साल मार्च के अंत में मनाया जाता है, जो 6 दिनों तक चलता है। ये त्यौहार मणिपुरी माह लाम्डा की पूर्णिमा से शुरू होता है। राज्य के सबसे प्रभावशाली मैतेई समुदाय में यह त्यौहार बेहद लोकप्रिय है। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह मैतेई समुदाय से हैं और राजनीतिक रूप से यह समुदाय अब काफी हद तक भगवा रंग में रंग गया है।

इधर, भाजपा की सबसे ज्यादा धूम मचाने वाली होली उस उत्तर प्रदेश में मन रही है, जो होली के धार्मिक नायक-नायिका राधाकृष्ण की लीला स्थली भी है। भाजपा के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी में भाजपा बंपर बहुमत से सत्ता में लौटी है, लिहाजा होली के केन्द्र मथुरा-वृंदावन में भगवा रंग बेहद गाढ़ा है। उस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का न उतरने वाला देसी रंग अलग से चढ़ा हुआ है। जबकि बीते विधानसभा चुनाव में विपक्षी दलों के लिए यह 'लठमार' होली साबित हुई है। उस खेमे में निराशा है, साथ ही 'जो मिल गया उसी को मुकद्दर समझ कर' होली खेलने का संतुष्टि भाव भी है।

वैसे भी उत्तर प्रदेश की होली में बहुत गहरे और दूर तक मार करने वाले सियासी रंग घुले हुए हैं। बहुत लोगों का मानना है कि इन चुनावों में उड़ा जीत का गुलाल अगले लोकसभा चुनावों में भी अपना असर दिखाएगा। भाजपा ने यूपी में जली उल्लास की होली से बची राख को अभी से गुजरात और कर्नाटक में फैलाना शुरू कर दिया है। आश्चर्य नहीं होगा अगर वहां लोग होली न सही, पर वक्त से पहले दिवाली मनाते दिखे।

पंजाब में प्रचंड बहुमत से चुनाव जीती आम आदमी पार्टी (आप) के लिए तो यह क्रांतिकारी होली है। लोगों को उम्मीद तो थी कि आप वहां सरकार बना सकती है, लेकिन इतने भारी बहुमत से बनाएगी, यह तो शायद अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान ने भी नहीं सोचा होगा। यही कारण है कि मान ने सीएम के रूप में अपनी शपथ ग्रहण के लिए शहीदे आजम भगत सिंह की जन्म स्थली खटकड़कलां को चुना। पंजाब की होली में गुलाल के साथ-साथ एक बसंती रंग हमेशा इठलाता आया है।

दरअसल, पंजाब में देश के बाकी उत्तर भारतीय राज्यों से हटकर होली को 'होला मोहल्ला' के रूप में मनाने की प्रथा है, जिसे सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने शुरू की थी। होली के दौरान निहंग सिख पूरे लाव लश्कर के साथ अपनी पारंपरिक युद्ध कला का प्रदर्शन करते हैं। जिसमें शौर्य और त्याग का मिलाजुला रंग होता है।

पंजाब में अब सत्ता की कमान उन भगवंत मान के हाथ में है, जिन्होंने नेता के बजाए जनता ही बने रहने की कसम खाई है। मान पूर्व कमेडियन रहे हैं। सीएम बनने के बाद वो एक 'विदूषक और प्रशासक' का कौन सा ब्लेंड पेश करते हैं, देखने की बात है।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239



























आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### दुर्ग एवं पटना के मध्य एक फेरे के लिए होली सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**रायपुर।** रेलवे द्वारा होली के अवसर पर दुर्ग-बिलासपुर एवं गया-पटना के मध्य गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक होली स्पेशल सुपर फास्ट ट्रेन दुर्ग-पटना-दुर्ग के मध्य एक फेरे के लिये चलाई जायेगी एवं यह गाड़ी दुर्ग से 08795 नंम्बर के साथ तथा पटना से 08796 नम्बर के साथ चलेगी । 08795 दुर्ग-पटना सुपर फास्ट होली स्पेशल दुर्ग से दिनांक 17 मार्च, 2022 (गुरुवार) को रवाना होगी । इसी होली स्पेशल ट्रेन में कुल 23 कोचो मे 1142 बर्थ रेल यात्रियो के लिए उपलब्ध करवाया गया है । आज दिनांक 15 मार्च, 2022 तक कुल 1142 बर्थ में से 631 ही रेल यात्रियो आरक्षण किया गया है और अभी तक 511 बर्थ अभी इस स्पेशल गाड़ी में उपलब्ध है । इस गाड़ी के एसी-2 में 22 बर्थ, एसी-3 में 221 बर्थ, स्लीपर में 268 बर्थ अभी भी रेल यात्रियो के लिए उपलब्ध है।

### स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा का आयोजन 21 से 27 तक

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी विषयों पर सकारात्मक सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने और 06 वर्ष तक के बच्चों के पोषण स्तर को जानने के लिए पूरे देश के साथ छत्तीसगढ़ में भी 21 से 27 मार्च तक ''स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा'' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बच्चों की वृद्धि निगरानी आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत, स्कूलों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में की जाएगी। ''स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा'' का उद्देश्य 06 वर्ष तक आयु के बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना, पोषण, स्वास्थ्य और वेलनेस के मुद्दों पर समुदाय को संगठित और संवेदनशील बनाना, माता-पिता और बच्चों में स्वास्थ्य बनने के लिए प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करना, छूटे हुए बच्चों के लिए आईसीडीएस सेवाओं का विस्तार करना, 06 वर्ष तक के अधिकांश बच्चों के लिए ऊंचाई, वजन और उम्र के डेटाबेस को मजबूत करना है।

### आयुक्त के द्वारा लिखा इस गीत को हर वर्ग के लोग पसंद कर रहे

# शिवनाथ के तीरे तीरे, दुर्ग बदलथे धीरे धीरे स्वच्छ्ता एंथम लोगों की जुबान पर चढ़ा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के थीम सांग को जनता के लिए लोकार्पित किया गया है,इस गीत के सार आयुक्त हरेश मंडावी ने बहुत खूबसूरत शब्दो मे लिखा है। इस वीडियो व गाने को जनता से बहुत फीडबैक मिल रहा है। राजीव खत्री,हिमांशु केशवानी द्वारा अपने दुकान में वॉवेल इलेक्ट्रॉनिक गुरुद्वारा रोड दुकान के सभी टीवी में डिस्प्ले लगाकर ग्राहकों के बीच आकर्षित का केंद्र बना,लोग समान लेना छोड़ वीडियो व गाने सुनने में हो गए मगन,वही धर्मा कुमार भिलाई 3 ने वीडियो एवं गाने बहुत अच्छे है।




निगम आयुक्त द्वारा स्वच्छ्ता मुहिम काफी सराहनीय है,तरुण कुमार साई नगर दुर्ग ने कहा गाने और वीडियो के माध्यम से शहर के नागरिको को जागरूक करेगी,बहुत अच्छी पहल है,राजेन्द्र गुप्ता ने कहा गाने बहुत अच्छे है पहली बार ऐसा गाना दुर्ग निगम ने बनाया है,आयुक्त की पहल बहुत सराहनीय है,इस पहल से दुर्ग निगम को स्वच्छ्ता सर्वेक्षण में लाभ मिलेगा और इस गाने को मैं अपने मोबाइल रिंगटोन बनकर रखा हूँ और मेरा पूरा परिवार भी इस गाने को अपने स्टेट्स में रखे है इसके अलावा अन्य लोगो ने वीडियो व गाने की खूब तारीफ की नागरिको व युवाओं में चौक,चौराहों पर सबके जुबान पर शिवनाथ नदी के तीर तीर,दुरुग बदलथे धीरे धीरे गुनगुनाते देखा जा रहा है। गाने ने दुर्ग शहर में खूब धूम मचा रही है।स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिए लोगो को जागरूक करने की दृष्टि से आयुक्त हरेश मांडवी द्वारा लिखित गाना शिवनाथ नदी के तीर तीर,मोर दुरुग बदलथे धीरे धीरे यह गाने शहर के हर घर में सुना जा रहा है।

,इस गाने को लोग रेलवे स्टेशन, राजेंद्र पार्क चौराहा में अपनी गाड़ियों को रोककर वीडियो देखकर बहुत सराहना कर रहे है। रेलवे स्टेशन के तो कुछ यात्रियों का कहना है की रात में जब वेल बजने के बाद जब ये गाना चालू होता है तो यात्री 1 मिनट रुककर सुनने के लिए खडे हो जाते है,ये गीत रात्रि के माहौल को खुशनुमा कर देता है।निगम की कचरा कलेक्शन ईरिक्शा 60 वार्डो में जो चल रहे है एवं 6 टाटा एस जो वार्डो में घूम रहे है लोग उनको रोक रोककर एवं खुद रुककर इस को सुन रहे है।

शहर में अभी होली का माहौल में विभिन्न जगहों पर होली मिलन समारोह चल रहे डीजे में इस गाने ने खूब धूम मचा रखी है पुरुष एवं महिलाए इस गाने में मस्त हो खूब थिरक रहे है। शहर के हर गली चौराहों,पान ढेले में इस गाने की खूब चर्चा हो रही है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के लिए लोगो को जागरूक करने के लिए इतने सालो में पहली बार कुछ अलग माहौल तैयार किया जा रहा जिसको दुर्ग शहर की जनता बहुत पसंद कर रही है एवं नगर निगम दुर्ग की बहुत सराहना कर रही है।

## जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में गुणवत्तापूर्ण प्रसव के साथ फीटल डॉप्लर की सुविधा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर करने तथा मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिये प्रसव संबंधी सेवाओं के सुदृढीकरण के साथ ही समय से उच्च जोखिम वाली गर्भवती माताओं के चिन्हांकन एवं समुचित प्रबंधन से जिले में होने वाली मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कलेक्टर नम्रता गांधी के पहल पर जिला अस्पताल, समस्त सामुदायिक/प्राथमिक एवं उपस्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सुविधा की दृष्टि से अब गुणवत्ता पूर्ण प्रसव पूर्व जॉच की सुविधा उपलब्ध है। फिटल डॉप्लर के माध्यम से गर्भस्थ शिशु के धड़कन का पता चलता है, जिससे शिशु मृत्यु दर में कमी लाने का प्रयास किया जा रहा है। समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों में वजन, ऊंचाई व रक्तचाप की जांच की सुविधा के साथ यूरिन शुगर एल्ब्यूमिन, हिमोग्लोबिन, ब्लड शुगर, आर.डी. किट से मलेरिया, एच.आई.वी. की जांच की जाती है।

प्रथम त्रैमास में गर्भवती महिलाओं के शत प्रतिशत पंजीयन के साथ-साथ जिले में गुणवत्ता पूर्ण एएनसी सुनिश्चित करते हुए शत प्रतिशत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन करना। प्रत्येक माह के 09 तारीख को पीएमएसएमए दिवस पर उच्च जोखिम वाली सभी गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञ/चिकित्सक द्वारा जांच किया जा रहा है। इससे मातृ मृत्यु दर में कमी लाया जा सकता है। जिला चिकित्सालय में प्रत्येक शुक्रवार को सोनोग्राफी की सेवाएं भी प्रारंभ की गई है।

## ग्राम खेढ़ा में हुआ गौठान मेला का आयोजन



### गौठान मेला में किसानों ने खरीदा लगभग 02 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज

मुंगेली। आम लोगों को गौठान के प्रति जोड़ने के लिए आज जिले के विकासखण्ड मुंगेली के ग्राम खेढ़ा में गौठान मेला का आयोजन किया गया। गौठान मेला में स्वसहायता समूह की महिलाओं ने स्वयं के द्वारा निर्मित वस्तुओं यथा वर्मी कम्पोस्ट, सामुदायिक बाड़ी के माध्यम से जैविक रूप से उगाए गए सब्जी, अगरबत्ती, चप्पल, मिट्टी के कलात्मक सामान, छत्तीसगढ़ी व्यंजन सहित अन्य आयमूलक गतिविधियों को स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शित किया।

जिसे जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर, उपाध्यक्ष संजीत बनर्जी, कलेक्टर अजीत वसंत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी. एस. राजपूत, जनपद पंचायत मुंगेली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री भूमिका देसाई, ग्राम के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्टॉल का अवलोकन किया और इसे खूब सराहा एवं इसे आम लोगों के लिए उपयोगी तथा सार्थक बताया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वसंत ने स्वसहायता समूह की महिलाओं से चर्चा करते हुए उनके आयमूलक गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान किसानों ने वर्मी कम्पोस्ट खाद की उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुए महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं से लगभग 02 क्विंटल वर्मी कम्पोस्ट खरीदा।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप स्वसहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए गौठानों को मल्टीएक्टीविटी सेंटर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था एवं आय को गति देने के लिए गौठानों में कृषि प्रसंस्करण की लघु इकाईयां स्थापित की जा रही है। जो लोगों के आजीविका का केन्द्र बनेगा।

# छत्तीसगढ़ी व्यजंनों सहित राजस्थानी व्यजनों से महक उठी बिहान मेला, महिला समूहों का बढ़ा उत्साह

### विकासखंड के 210 समूहों द्वारा 55 स्टॉल से रिकॉर्ड 2 लाख रुपये से अधिक की हुई बिक्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

बलौदाबाजार। ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आज चौथे विकासखंड स्तरीय बिहान मेले का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित पंडित चक्रपाणि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में जनपद पंचायत बलौदाबाजार के द्वारा किया गया। जिसमें विकासखंड के 210 समूहों द्वारा 55 स्टॉल के माध्यम से महज 7 घण्टो में रिकॉर्ड 2 लाख 3 हजार 740 रुपये की बिक्री महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा किया गया है।



जिसमें जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर शामिल होकर महिला समूह का उत्साह बढाया। बिहान मेले में छत्तीसगढ़ी व्यजंनों सहित राजस्थानी व्यंजन आकर्षण का केंद्र रहा है। जिसमें सबसे ज्यादा चर्चा ग्राम खरचा के महिला स्व सहायता समूह के द्वारा बनाया गया घेवर का रहा। कार्यक्रम का का शुभारंभ संसदीय सचिव एवं विधायक कसडोल सुश्री शकुन्तला साहू,जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,जनपद पंचायत पंचायत अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर की। इस मौके पर सभी अतिथियों ने स्टालों का निरीक्षण कर जमकर खरीदारी भी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुश्री शकुन्तला साहू ने छत्तीसगढ़ शासन के योजनाओं के संबंध में कहा कि ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की गरीब महिलाओं को आर्थिक रूप से संपन्न करने के लिए बिहान योजना से जोड़कर रोजगार मूलक कार्य उपलब्ध करा रहीं हैं। इस योजना ने ग्रामीण महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। साथ ही स्व सहायता समूह के रूप में संगाठित कर उन्हें क्षमतावर्धन आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार प्रदान किया जा रहा है।जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा ने ग्रामीण आजिविका के महत्व एवं मुख्यमंत्री के सपनों के बारे में विस्तृत से बताया।इस मौके पर अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ,जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु ,जनपद सदस्य कोमल वर्मा, ललिता यदु,मधु ध्रुव,कलेक्टर डोमन सिंह,जिला पंचायत सीईओ डॉ फरिहा आलम सिद्की,एसडीएम प्रतिष्ठा ममगाईं, सहायक परियोजना अधिकारी के के साहू,सहायक परियोजना अधिकारी एनआरएलएम मुरली कांत यदु, जनपद पंचायत सीईओ अनिल झा समेत जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी गण एवं क्षेत्र के सरपंच और महिला स्व सहायता समूह के बहने मौजूद रहे।

कलेक्टर को भाया पर्स मेले में स्टॉल निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डोमन सिंह को महिला स्व सहायता समूहों के द्वारा बनाये गए पर्स उन्हें खूब पसंद आया। उन्होंने अपने गुड़िया के लिए पर्स एवं मास्क खरीदे। जिला पंचायत सीईओ ने भी मिट्टी के कुकर,आचार एवं पापड़ एवं एसडीएम प्रतिष्ठा ममगाईं ने हर्बल गुलाल की खरीदी की है। इसके साथ ही मनरेगा अधिकारी केके साहू ने रोजगार सहायकों के साथ खरीदारी की गयी।

होली के त्यौहार होने के चलते सभी बहनों ने आपस मे एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली का उत्सव मनाया।

## मोदी सरकार की आर्थिक नीतियां हो चुकी है फेल महंगाई और बेरोजगारी चरम पर - कांग्रेस

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के चलते हैं देश में बेरोजगारी और महंगाई ऐतिहासिक रूप से शिखर पर पहुंच गया है, भुखमरी इंडेक्स में बांग्लादेश और लंका को भी पीछे छोड़ कर देश को रसातल में पहुंचा दिया गया है, मुद्रास्फीति और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक ऐतिहासिक शिखर पर और मोदी सरकार के नियंत्रण से बाहर हो चुका है, लेकिन अपनी नाकामी से ध्यान भटकाने के लिए संघी और भाजपाई देशभर में नए नए इवेंट कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र वर्मा ने कहा है कि कोविड के दौरान एक समय ऐसा भी आया था जब क्रूड आयल की कीमत पानी से भी कम हो गया था, भारतीय रुपए में 1500 प्रति बैरल था (1 बैरल में 159 लीटर) अर्थात 1 लीटर कच्चा तेल ?9.43 रूपए प्रति लीटर था तब भी मोदी सरकार ने आम जनता को कोई राहत नहीं दिया।

एक समय तो अमेरिका के वायदा कारोबार में मई में क्रूड आयल इतिहास में पहली बार -1.43 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया था अर्थात् 0 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे चली गई थी उस दौरान भी मोदी सरकार आम जनता की जेब में बेरहमी से डकैती करते रही। भाजपाइयों द्वारा आयल बांड पर पिछली सरकार को दोष देने का आरोप भी पूरी तरह से गैर तथ्यात्मक है। यूपीए सरकार ने 2005 से 2010 तक केवल 1.4 लाख करोड़ के तेल बांड जारी किए थे। अब तक मोदी सरकार के द्वारा ऑयल बॉन्ड के मूलधन की राशि और ब्याज को मिलाकर कुल केवल 71198 करोड़ का भुगतान किया गया है जबकि देश के नागरिकों से इसके एवज में 25 लाख करोड़ रुपए केवल डीजल-पेट्रोल से ही मोदी सरकार ने वसूला है। विगत 7 वर्षों में पेट्रोल पर लगभग 258 प्रतिशत और डीजल पर 820 प्रतिशत सेंट्रल एक्साइज मोदी सरकार ने बढ़ाया है।

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

(VISHAL) Mobile No. 7000536728
SAMSUNG mi vivo oppo realme ONEPLUS
SHREE MOBILE
Kasaridih, Sai Mandir Road, Near Raja Fire Works
Azad Chowk, Durg (C.G.)
Email ID : vishalrohda99@gmail.com
♦ Buy ♦ Sell ♦ Purchase
(All Second Hand Mobile Available)

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel,
Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS XI<sup></sup>TH XIITH B.COM CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### कस्टम मिलिंगः 94.47 लाख मीटरिक टन धान का उठाव

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव जारी है। राज्य में 15 मार्च तक 94.47 लाख मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। छत्तीसगढ़ द्वारा केन्द्रीय पूल में चावल जमा कराने के मामले में भी तेजी से काम किया जा रहा है। अब तक केन्द्रीय पूल में 29.78 लाख मीटरिक टन चावल जमा कराया जा चुका है। इनमें भारतीय खाद्य निगम में 16.06 लाख मीटरिक टन और नागरिक आपूर्ति निगम में 13.72 लाख मीटरिक टन चावल शामिल है। खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल पर इस वर्ष धान खरीदी के साथ ही कस्टम मिलिंग के लिए धान का तेजी से उठाव किया जा रहा है। अब तक डीओ और टीओ के माध्यम से 94.47 लाख मीटरिक टन धान का रिकार्ड उठाव हो चुका है। श्री वर्मा ने बताया कि 73 लाख 63 हजार मीटरिक टन धान का डीओ जारी कर दिया गया है। उपार्जन केन्द्रों से मिलर्स द्वारा 71 लाख 70 हजार मीटरिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसी प्रकार 23 लाख 37 हजार मीटरिक टन धान के परिवहन के लिए टीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध समितियों से 22 लाख 78 हजार मीटरिक टन धान का उठाव हो चुका है। धान खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव और कस्टम मिलिंग भी युद्ध स्तर पर जारी है। इस साल केन्द्रीय पूल में 61.65 लाख मीट्रिक टन अरवा चावल जमा कराया जाना है।

### राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में निःशुल्क कार्य करने वाली संस्थाओं से 15 अप्रैल तक प्रस्ताव आमंत्रित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में गैर शासकीय संस्थाओं के साथ निःशुल्क सेवाएं एवं सहयोग प्राप्त किए जाने हेतु अनुबंध करने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के माध्यम से देश के प्रतिष्ठित गैर शासकीय संस्थाओं को निःशुल्क कार्य करने हेतु पंजीकृत किए जाने के लिए 15 अप्रैल 2022 तक प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इस संबंध में परिषद के प्रभारी एके सारस्वत, सहायक प्राध्यापक से 9425515489 मे संपर्क कर सहयोग लिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एससीईआरटी को इस कार्य के लिए अधिकृत किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए एससीईआरटी के संचालक राजेश सिंह राणा ने बताया कि प्रस्तुतीकरण के पूर्व NGO's को पंजीकरण करना होगा। इसके लिए परिषद की वेबसाइट www.scert.cg.gov.in पर लिंक कर पंजीयन करा सकते हैं। जिन संस्थाओं द्वारा पूर्व में पंजीयन किया है वह वर्ष 2021 के लिए था। इन संस्थाओं को वर्ष 2022 शिक्षा सत्र के लिए पुनः पंजीयन करना आवश्यक है। प्रस्तुतीकरण के पूर्व परिषद द्वारा एक बैठक आयोजित कर विस्तृत दिशा निर्देश दिए जाएंगे। नियम शर्तों के आधार पर प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में सभी सेवाओं का संचालन 21 मार्च से

**रायपुर।** प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 21 मार्च से राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी सेवाएं दी जाएंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रदेश में कोविड संक्रमण पर नियंत्रण और नये न्यूनतम प्रकरणों को देखते हुए सभी सेवाओं के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों को खोलने के निर्देश दिए हैं। नया रायपुर स्थित मंत्रालय से बुधवार को इस संबंध में सभी कलेक्टरों, संभागायुक्तों और विभागीय जिला अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस तथा गरम भोजन हेतु ही आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने के निर्देश दिए गए थे। राज्य में कुपोषण की रोकथाम व बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास हेतु बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का लाभ दिया जाना आवश्यक है। राज्य में वर्तमान में कोविड संक्रमण नियंत्रण में है, इसे देखते हुए विभाग ने कोविड-19 से सुरक्षा के संबंध में जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी सेवाओं का संचालन आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुनिश्चित करने कहा है।

इस बार गोबर के इको फ्रेंडली गुलाल से रंगीन होगी होली

# सीएम बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय किसान मेला में की थी गोमय गुलाल की लांचिंग

### छत्तीसगढ़ में गोबर से गुलाल का अभिनव प्रयोग

### वैज्ञानिको के मार्गदर्शन में समूह की महिलाओं ने बनाया एंटी बैक्टीरियल 'गोमय गुलाल'

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** फूलों से बने हर्बल गुलाल से होली सबने खेली होगी, लेकिन छत्तीसगढ़ में इस बार गोबर के बने गुलाल से होली रंगीन होगी। देश में गोबर से गुलाल बनाने का यह अभिनव प्रयोग पहली बार किया गया है।




प्रदेश के दूरस्थ दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले की सांई बाबा स्व सहायता समूह की महिलाएं कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में गोबर से गुलाल तैयार कर रही हैं। इससे पहले महिलाओं ने फूल, सब्जियों से गुलाल तैयार किया था। प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा गोधन के माध्यम से आर्थिक समृद्धि की तैयार की गई राह से प्रेरित होकर महिलाओं ने गोबर से हर्बल गुलाल तैयार किया है, जिसे 'गोमय हर्बल गुलाल' नाम दिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के परिसर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय किसान मेला में 12 मार्च को गोमय गुलाल लांच किया है।

गोमय गुलाल को छत्तीसगढ़ के अलग-अलग जिलों में बिक्री के लिए भेजा जा रहा है। एनएमडीसी बैलाडीला, बचेली, कलेक्ट्रेड परिसर दंतेवाड़ा, रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में लगे स्टॉल में भी इसे बेचा जा रहा है इसके साथ ही इसकी खरीदी ऑनलाइन भी की जा सकती है।

#### औषधीय गुणों से भरपूर है

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ नारायण साहू ने बताया कि गोमय हर्बल गुलाल प्रसंस्कृत गोमय (गोबर), प्रसंस्कृत वर्मी कम्पोस्ट और हल्दी, चंदन, चुकन्दर, कत्था, अरारोट, अपराजिता, सिंदूरी, मेंहदी तथा प्राकृतिक पदार्थों का हस्त निर्मित रंग संयोजन है। यह औषधीय गुणों से भरपूर है। यह एंटी रेडिएशन, एंटी बैक्टेरियल गुणों से युक्त है। यह सुगंधित है और त्वचा को ठंडकता प्रदान करता है। बालों और त्वचा की धुलाई, सफाई करता है।

#### इको फ्रेंडली और ह्यूमन फ्रेंडली है

यह गुलाल पूर्णत इकोफ्रेंडली और हयूमन फ्रेंडली है। यह महिलाओं के आय सृजन हेतु कम लागत में तैयार किया गया है जो गोठानों के शुद्ध गोबर से बनाया गया है। सांई बाबा स्वसहायता समूह में 20 महिलाए जुड़ी है। कृषि विज्ञान केन्द्र से जुड़कर विभिन्न तरीके से गुलाल बनाने के साथ गोबर से गुलाल बनाकर समूह की दीदियां काफी उत्साहित हैं। समूह की शांति कश्यप, पूजा बघेल सहित अन्य महिलाओं ने बताया कि गोबर से गुलाल बनाने की जब बात आई तो हमने भी उत्साहित होकर काम किया। डॉ नारायण साहू ने बताया कि इससे महिलाओं को अच्छी आय प्राप्त हो रही है।

## मुख्यमंत्री से राज्य शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने की मुलाकात

पुरानी पेंशन योजना बहाली के लिए आभार व्यक्त किया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके विधानसभा परिसर स्थित कार्यालय में संसदीय सचिव चन्द्रदेव राय के नेतृत्व में राज्य शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने राज्य के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना बहाली के फैसले के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर, सचिव केके साहू, महासचिव प्रमोद झा, अनुसुइया नागरची, पूर्णिमा सेठ एवँ संघ के सदस्यगण भी उपस्थित थे।

# इंदिरा सूर्यवंशी चुनी गयी अंगना म शिक्षा में राज्य की पहली स्मार्ट माता



### अंगना म शिक्षा 2.0 की शुरूआत जरवाय गांव से

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** स्कूल शिक्षा विभाग का अंगना म शिक्षा कार्यक्रम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। इस कार्यक्रम को गत वर्ष पूरे राज्य की सभी महिला शिक्षकों द्वारा बढ़-चढ़कर इस में सहभागिता की गई एवं मेले का आयोजन कर छोटे बच्चों की माताओं को गतिविधियां कराते हुए घर के संसाधनों से ही सिखाने की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम को न केवल राज्य स्तर पर, अपितु राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। नवीन सत्र प्रारंभ होने से पहले पुनः अंगना में शिक्षा 2.0 की शुरुआत की गई है। रायपुर जिले के धरसीवा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला जरवाय से इसकी शुरुआत की गई है जिसमें जरवाय गांव की 50 माताएं मेले के माध्यम से अपने बच्चों का परीक्षण कर पाई एवं सपोर्ट कार्ड के माध्यम से उनकी गति को अंकित कर पाई। इस वर्ष अंगना में शिक्षा 2.0 के अंतर्गत स्मार्ट माता का चयन प्रत्येक गांव से किया जाएगा, जिसके अंतर्गत जरवाय गांव की सबसे एक्टिव महिला इंदिरा सूर्यवंशी को स्मार्ट माता के रूप में चुना गया। उन्हें राज्य परियोजना कार्यालय के अतिरिक्त मिशन संचालक केसी काबरा द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी संभाग से दो-दो महिला शिक्षिकाएं नेतृत्व करते हुए उपस्थित थी।

स्मार्ट माता के चयन का आधार समुदाय में उनकी पहुंच, प्रभाव, महिलाओं के मध्य उनकी साख, उनका नेतृत्व कौशल एवं उनके पास या परिवार में स्मार्ट फोन का होना है। स्मार्ट माताओं की जिम्मेदारी होगी कि वे अपने समुदाय से अन्य माताओं को संगठित रखेंगी और उन्हें नियमित रूप से बच्चों को घर पर सिखाने हेतु प्रेरित करने के साथ-साथ संबंधित शाला के शिक्षिकाओं को चल रही स्थितियों के नियमित रूप से अवगत करवाने एवं फीडबैक देने का कार्य कर सकेंगी। स्मार्ट माताओं एवं अन्य सभी माताओं जिनके पास स्मार्ट फोन हैं उन्हें राज्य द्वारा संचालित अंगना म शिक्षा टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ा गया। स्मार्ट माता के रूप में चयनित इंदिरा सूर्यवंशी द्वारा इस अवसर पर चयनित होनेपर असीम खुशी महसूस की और कार्यक्रम में जुड़कर बच्चों को लगातार सीखने हेतु सभी माताओं को जोड़कर सक्रिय रखने का प्रण लिया गया।

# जल जीवन मिशनः गोतियारडीह के 1249 की आबादी को मिलेगा नल से शुद्ध जल

### जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनसभा का आयोजन हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिले में संचालित जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल से शुद्ध जल योजना के अंतर्गत समन्वयकों के द्वारा त्वरित रूप से कार्य किया जा रहा हैं। इसके लिए सभी गांवो में प्रशिक्षण और अन्य गतिविधियों के माध्यम से ग्रामवासियों को स्वच्छता एवं शुद्ध पेयजल के लिए जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जा रहा है। इससे शासन कि महत्वपूर्ण योजना को समग्र रूप से जन-मानस एवं ग्रामवासियों के समक्ष हर घर नल से शुद्ध जल के नारे को सफलता पूर्वक क्रियान्वित किया जा सकेगा।




जल सुरक्षा एवं सरंक्षण के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के समन्वयकों के टीम के द्वारा अभनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गोतियारडीह में जन जागरूकता के लिए कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया। वर्तमान में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम गोतियारडिह में 51.15 लाख रूपये की सोलर योजना तथा 30.91 लाख रूपये की रेट्रोफिटिंग जल प्रदाय योजना का कार्य प्रगति पर हैं। अभनपुर विकासखण्ड के ग्राम गोतियारडीह की 1249 की आबादी को नल से शुद्ध जल उपलब्ध कराने के लिए गाव में जल जीवन मिशन के तहत रेट्रोफिटिंग की योजना लागू है। इस योजना के माध्यम से गाव में 273 घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान में 105 घरेलू नल कनेक्शन कराये जा चुके हैं एवं 168 घरेलू कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य प्रगति पर है। गोतियारडिह में स्थापित 14 हैण्डपंप सुचारू रूप से कार्यरत हैं।

जल जीवन मिशन के तहत आईएसए गतिविधियां के तहत का समूह बनाया गया है। इस समूह को हैण्डपम्प के पानी की गुणवत्ता का परीक्षण कर उसकी ऑनलाईन एण्ट्री की ट्रेनिंग प्रदान की गई है। गाव में घरेलू नल कनेक्शन का सर्वे भी किया जा रहा है। इसी तरह जल जीवन मिशन की टीम द्वारा गोतियारडीह में महिला समूह, जल समिती, ग्राम प्रतिनिधियों, शाला के शिक्षकों, विद्यार्थीयों एवं ग्राम वासियों को जल गुणवत्ता परीक्षण, घरेलू नल कनेक्शन की जानकारी एवं एण्ट्री, पानी का बचाव, उपयोग किये गए हुए पानी का पुनः उपयोग कैसे करें, पानी को स्वच्छ रखना एवं स्वच्छ पानी का सदुपयोग, वर्षा जल का विभिन्न तकनीकी विधियों से संवर्धन एवं उपयोग किए हुए जल का उचित प्रबंधन, भंडारण आदि विषय पर विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई।

इस जन जागरूकता जनसभा में जल जीवन मिशन की टीम के साथ सरपंच मुकेश कुमार, रोजगार सहायक मनोहर बघेल, प्रधान पाठक विजय कुमार सिन्हा, शिक्षक सकुंतला सोन, दूज कुमारी टण्डन, तुलेशवर कुमार बांसवार, लीलाधर पटेल, पंचगण दशरथ बघेल, मंगलदास बांधे, ग्रामीणजन सहित ग्राम गोतियारडीह के ग्रामीणों ने भागीदारी की।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243



























## खास खबर



## रुपाली गांगुली के पॉपुलर टीवी शो अनुपमा का आएगा प्रीक्वल, 11 एपिसोड के साथ ओटीटी पर होगा स्ट्रीम

टीवी शो 'अनुपमा' के फैंस के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी है। दरअसल, मेकर्स ने शो का प्रीक्वल लाने का फैसला ले लिया हैं। जी हां, आम तौर पर किसी हिट शो का सीक्वल बनते हैं। हालांकि 'अनुपमा' के प्रोड्यूसर राजन शाही अब अपने इस सुपरहिट शो का प्रीक्वल लाएंगे, जिसमें वे अनुपमा (रुपाली गांगुली) और वनराज (सुधांशु पांडे) की जिंदगी की शुरूआती कहानी ऑडियंस तक पहुचाएंगे। बता दे, ये प्रीक्वल टेलीविजन स्क्रीन पर नहीं बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी।

### 11 एपिसोड में होगा रिलीज

करीबी बताते है, टेलीविजन पर 'अनुपमा' की पॉपुलैरिटी देखकर डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने राजन शाही को शो के प्रीक्वल के लिए एप्रोच किया था। राजन को उनका ये आईडिया काफी पसंद आया और उन्होंने इसके लिए हामी भर दी। हालांकि इस प्लेटफॉर्म पर ये डेली ड्रामा की तरह लंबे वक्त तक नहीं टेलिकास्ट नहीं होगा। शुरूआती प्लानिंग के मुताबिक मेकर्स ने सिर्फ 11 एपिसोड के लिए इस सीरीज पर हामी भरी है। स्टोरीलाइन की बात करें तो ऑडियंस अनुपमा और वनराज की जिंदगी में आई खटास की वजह से रूबरू होंगे।

### मैं काफी एक्साइटेड हूं

शो में किंजल का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस निधि शाह ने इस खबर को कन्फर्म भी किया। निधि कहती हैं, जी हां, ये सच है कि ऑडियंस अब हमारे शो का प्रीक्वल देखेंगे। दुर्भाग्यवश उसमे मैं नजर नहीं आऊंगी क्योंकि ये कहानी अनुपमा और वनराज के शादी के शुरआती दिनों के इर्द गिर्द होगी। तब उनके बच्चे बहुत छोटे थे। मैं इस प्रीक्वल के लिए काफी एक्साइटेड हूं।

### अनुपमा की कहानी से लोग रिलेट कर रहे हैं

वे आगे कहती है, जिस तरह का प्यार हमारी ऑडियंस ने हमें दिया हैं, मैं दिल से उनकी शुक्रगुजार हूं। कई ऑडियंस अनुपमा की कहानी से खुद को रिलेट कर पा रहे हैं। मुझे यकीन है कि वे जानना चाहते हैं की आखिरकार अनुपमा और वनराज में इतनी दूरियां क्यों आईं? वनराज की पर्सनालिटी ऐसी क्यों हुई? ऑडियंस इनकी पास्ट की कहानी जानना चाहती है और मुझे पूरा यकीन है कि हमारे शो की तरह ये प्रीक्वल भी सुपरहिट होगा। साथ ही इसका ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होना तो और भी खुशी की बात है। हमारी रीच और भी बढ़ जाएंगी।

# बर्थ एनिवर्सरी: पुनीत ने फिल्म अप्पू से की थी करियर की शुरुआत, 'ग्रेट सन ऑफ कर्नाटक' से भी नवाजे जा चुके है

कन्नड़ एक्टर पुनीत राजकुमार की आज यानी 17 मार्च को पहली जयंती है। पुनीत राजकुमार का 46 साल की उम्र में हार्ट अटैक से निधन हो गया था। उनका ऐसे अचानक चले जाना, फैन्स और इंडस्ट्री के लोगों लिए किसी सदमें से कम नहीं था। दशकों से पुनीत इंडस्ट्री में राज करते आऐ थे और आज भी फैन्स के बीच उनकी खास दिवानगी है। अपने फिल्मी करियर में पुनीत ने कई बेहतरीन फिल्में दी है।



### चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर शुरू हुआ करियर

पुनीत ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर की थी। पहली बार महज 6 महीने की उम्र में फिल्म 'प्रेमड़ा कनिके' में नजर आए थे। इसके अलावा पुनीत एक दर्जन से ज्यादा फिल्मों में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट नजर आए हैं।

### पुनीत ने फिल्म अप्पू से की थी करियर की शुरुआत

पुनीत राजकुमार ने फिल्म अप्पू में एक्टर के रूप में करियर की शुरुआत की थी, जिसे बॉक्स ऑफिस पर शानदार सफलता मिली। यही कारण था कि वो अपने फैंस के बीच 'अप्पू' के नाम से भी पहचाने जाते हैं।

### स्टीडीकैम के भी जानकार थे पुनीत

पुनीत सिर्फ एक एक्टर ही नहीं बल्कि सिगंर और टीवी प्रजेंटर भी थे। फिल्म आकस्मिक में उन्होंने राजकुमार की कॉस्ट्यूम भी डिजाइन की थी। पुनीत को स्टीडीकैम की जानकारी भी थी। स्टीडीकैम जिसका इस्तेमाल फिल्मों में स्टंट और कार से पीछा करने जैसे सीन को शूट किया जाता है। उन्हें फिल्मों के लिए नए ब्रांड के कैमरों और हाई डेफिनेशन लेंसों के बारे में भी सीखना पंसद था। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले वे कर्नाटक में एक घरेलु बैनर वज्रेश्वरी कम्बाइंस के फिल्म डिस्ट्रीब्यूशन का काम देखते थे, जो आज भी जारी है। उन्होंने दो टीवी सीरियल को प्रोड्यूस किया था।

### पिता का हुआ था अपहरण

पुनीत के पिता राजकुमार का कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री में बहुत नाम था। उन्हें कन्नड़ सिनेमा का आइकन माना जाता था। वो पहले ऐसे कन्नड़ इंडस्ट्री के अभिनेता थे जिन्हें दादा साहब फाल्के अवॉर्ड मिला था। चंदन तस्कर वीरप्पन ने उनके पिता राजकुमार का साल 2000 में अपहरण कर लिया था।

### घर में सबसे छोटे थे पुनीत

पुनीत पांच भाई बहनों में सबसे छोटे थे। पुनीत के पिता राजकुमार उन्हें और उनकी बहन को फिल्म के सेट पर ले जाया करते थे। पुनीत के बड़े भाई शिवा राजकुमार भी एक मशहूर एक्टर हैं। पुनीत की 2 बेटियां हैं।

### पुनीत को मिले हुए सम्मान

- फिल्म 'बेट्टद हूवु' के लिए बेस्ट चाइल्ड आर्टिस्ट के लिए नेशनल फिल्म अवार्ड – 1986
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए कर्नाटक स्टेट फिल्म अवार्ड – 2008
- फिल्म 'अरसु' फिल्मफेयर बेस्ट एक्टर अवार्ड – 2006
- फिल्म 'राम' के लिए एकेकेए बेस्ट एक्टर अवार्ड
- साउथ स्कोप फिल्म 'राज– दी शोमैन' के लिए बेस्ट एक्टर अवार्ड 2010
- ग्रेट सन ऑफ कर्नाटक

### पुनीत जाते-जाते दो जिंदगियों में कर गए उजाला

पुनीत राजकुमार ने मरने के बाद अपनी दोनों आंखों को दान करने का फैसला किया था। एक्टर की मौत के बाद उनकी इच्छा को पूरा करते हुए उनकी दोनों आंख दान कर दी गई थी।

### विनम्रता के लिए भी जाने जाते है पुनीत

डॉ पुनीत राजकुमार एक ऐसे इंसान थे, जिनकी सादगी और विनम्रता ने हर किसी का दिल जीता था। और अपने शानदार करियर के दौरान एक गैर–विवादास्पद व्यक्ति बने रहे।

## शर्माजी नमकीन: मैंने प्रोस्थेटिक्स के जरिए उनका किरदार निभाने की कोशिश की थी: रणबीर

एक्टर रणबीर कपूर ने अपने पिता और दिवंगत एक्टर ऋषि कपूर के फैंस के लिए एक इमोशनल वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में रणबीर ने 'शर्माजी नमकीन' के बारे में कुछ यादें शेयर की हैं। रणबीर कपूर ने बताया कि ऋषि कपूर अपने खराब स्वास्थ्य के बावजूद 'शर्माजी नमकीन' को पूरा करना चाहते थे। बता दें कि शर्माजी नमकीन ऋषि कपूर की आखिरी फिल्म है। जिसका ट्रेलर गुरुवार को आएगा।



### रणबीर कपूर ने पिता को किया याद

अपने पिता को याद करते हुए रणबीर ने कहा, आपने सुना होगा शो मस्ट गो ऑन, लेकिन मैंने पापा को अपनी जिंदगी जीते देखा है। 'शर्माजी नमकीन' हमेशा मेरे पिता की सबसे प्यारी यादों में से एक रहेगी। पर्दे पर अपने अनगिनत फैंस के लिए मुस्कान लेकर आया हूं। रणबीर कपूर ने भी ऑडियंस से फिल्म पर प्यार बरसाने का आग्रह किया।


ऋषि कपूर का अप्रैल 2020 में निधन हो गया था, जबकि फिल्म की शूटिंग पूरी नहीं हुई थी। निर्माताओं और परिवार ने कई विकल्पों पर विचार किया। टीम ने वीएफएक्स को आजमाने के बारे में सोचा, मैंने प्रोस्थेटिक्स पहन कर इस भूमिका को खत्म करने की बात कही। लेकिन कुछ भी काम नहीं कर रहा था। और तभी परेश रावल ने कदम रखा और फिल्म को खत्म करने में हमारी मदद की। हितेश भाटिया इस फिल्म के डायरेक्टर हैं।

### बॉलीवुड में ऋषि कपूर का सफर

ऋषि कपूर ने अपने करियर में 1973 से 2000 तक 92 फिल्मों में रोमांटिक हीरो का किरदार निभाया है। इन्होंने बतौर सोलो लीड एक्टर 51 फिल्मों में अभिनय किया है। ऋषि अपने जमाने के चॉकलेटी हीरो में से एक थे। मेरा नाम जोकर उनकी पहली फिल्म थी। जिसमें उन्होंने अपने पिता राज कपूर के बचपन का रोल किया था। बतौर मुख्य अभिनेता के रूप में पहली फिल्म बॉबी थी, जिसमें उनके साथ डिंपल कपाड़िया भी दिखाई दी। ऋषि कपूर और नीतू सिंह की शादी 22 जनवरी 1980 में हुई थी।

## बच्चन पांडे, जलसा से लेकर अपहरण 2 तक, ये फिल्में हो रही इस हफ्ते थिएटर और ओटीटी पर रिलीज

इस हफ्ते होली पर कई फिल्में और सीरीज रिलीज होने जा रही हैं। अक्षय कुमार की फिल्म 'बच्चन पांडे' उनमें से एक है, जोकि होली यानि 18 मार्च को थिएटर्स में रिलीज होगी। फैंस में फिल्म का क्रेज रिलीज के पहले ही देखने को मिल रहा है। फिल्म में कृति सेनन और जैकलीन फर्नांडिस भी लीड रोल में हैं। आइए बताते हैं इस हफ्ते की थियेटर्स और ओटीटी रिलीज के बारे में–





### जलसा

जलसा एक थ्रिलर फिल्म है जो हमारी लाइफकी अशांति को दर्शाती है। फिल्म की कहानी एक पत्रकार के इर्द गिर्द घूमती है, जिसे विद्या बालन ने निभाया है। इस फिल्म में शेफाली शाह, मानव कौल, रोहिणी हट्टंगड़ी और इकबाल खान समेत कई लोग शामिल हैं। फिल्म इस शुक्रवार यानी की 18 मार्च को ओटीटी प्लेटफोर्म अमेजन प्राइम पर रिलीज होगी।

### इटर्नली कंफ्यूज्ड एंड ईगर टू लव

यह कहानी एक 20 साल के अजीब और अकेले से लड़के की है, जो प्यार की तलाश में होता है। इस सीरीज को जोया अख्तर और रीमा कागती की 'टाइगर बेबी फिल्म्स' और फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की 'एक्सेल एंटरटेनमेंट' ने प्रोड्यूस किया है। सीरीज में विहान समत, राहुल बोस, सुचित्रा पिल्लई, जिम सर्भ और अंकुर राठी लीड रोल में हैं। यह सीरीज 18 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

### ब्लडी ब्रदर्स

शाद अली की डार्क कॉमेडी वेब सीरीज का प्रीमियर 18 मार्च को 'जी5' पर होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह सीरीज ब्रिटिश टीवी सीरीज 'गिल्ट' से इंस्पायर है। इस सीरीज में जयदीप अहलावत और मोहम्मद जीशान अय्यूब भाइयों के रोल में हैं। यह स्टोरी दो भाइयों के बारे में है, जो सड़क पर गलती से एक बूढ़े व्यक्ति को मार देते हैं। टीना देसाई, श्रुति सेठ और मुग्धा गोडसे भी मुख्य भूमिका में हैं।

### मिसेज एंड मिस्टर शमीम

'मिसेज एंड मिस्टर शमीम' इस हफ्ते नई ओटीटी रिलीज है। 'जी5' की ओरिजिनल सीरीज दो दोस्त शमीम और उमैना के इर्द–गिर्द घूमती है। जब उमैना को प्यार में धोखा मिलता है, तो शमीम अपनी दोस्त को उस दुख से बाहर निकालने के लिए सब कुछ करता है। सीरीज 17 मार्च को रिलीज होगी।

### अपहरण 2

एकता कपूर और जियो स्टूडियोज के कोलाब्रेशन में बनी सीरीज 'अपहरण 2' अपने कोर मेसेज –'सबका कटेगा दोबारा' के साथ ड्रामा, थ्रिलर, अपराध और एक्शन को दोगुना करने का वादा करती है। इसमें अरुणोदय सिंह, निधि सिंह, स्नेहिल दीक्षित मेहरा और सानंद वर्मा के साथ दिग्गज अभिनेता जितेंद्र भी नजर आएंगे। यह सीरीज इस शुक्रवार 18 मार्च को वूट पर रिलीज होगी।

# सुबह खाली पेट जीरा का पानी पीने की डालिए आदत पाचन सहित शरीर को होंगे ऐसे गजब के फायदे

हमारे घरों में आसानी से उपलब्ध कई चीजें सेहत को अविश्वसनीय लाभ प्रदान कर सकती हैं। हम रोजाना भोजन के लिए कई सारे मसालों और औषधियों को प्रयोग में लाते हैं, पर क्या आप जानते हैं कि ये आपके लिए कितने लाभकारी हो सकते हैं? आयुर्वेद में रोजाना प्रयोग में लाई जाने वाली तमाम औषधियों और मसालों के गुणों का जिक्र मिलता है। इनका सेवन करके आप कई तरह की गंभीर बीमारियों के जोखिम को भी कम कर सकते हैं। जीरा ऐसा ही एक लोकप्रिय मसाला है जो न सिर्फ भोजन को स्वादिष्ट बनाने के काम आता है, साथ ही इसका सेवन पेट से लेकर इम्युनिटी तक को बेहतर बनाए रखने के लिए वर्षों से प्रयोग में लाया जाता रहा है।

आयुर्वेद में जीरा का पानी पीने के अद्भुत स्वास्थ्य लाभ का जिक्र मिलता है, विशेषरूप से सुबह खाली पेट इसका नियमित सेवन कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं में आपके लिए लाभकारी हो सकता है। जीरा में पोटैशियम और आयरन जैसे पोषक तत्वों की भी उपलब्धता होती है, जो आपके शरीर को निरंतर कार्य करते रहने में काफी मदद कर सकती है। आइए आगे की स्लाइडों में रोज सुबह जीरा का पानी पीने से होने वाले फायदों के बारे में जानते हैं।



### पेट से संबंधित समस्याओं में कारगर

वर्षों से पेट से संबंधित तमाम समस्याओं के घरेलू उपचार के तौर पर जीरा को प्रयोग में लाया जाता रहा है। रात भर भीगे हुए जीरे का पानी पीने से न सिर्फ पेट साफ रहता है, साथ ही कब्ज, अपच और मतली जैसी समस्याओं में भी आपको विशेष लाभ मिल सकता है। जीरा का पानी पेट की अम्लता और सूजन को भी कम करने में मदद करता है। गैस और बदहजमी के कारण पेट दर्द की समस्या में भी राहत दिलाने में जीरे का पानी पीना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है। जीरा का पानी, आम तौर पर पाचन एंजाइमों के स्राव को उत्तेजित करता है और पाचन प्रक्रिया को तेज करता है।

### त्वचा को स्वस्थ रखने में मददगार

जीरे का पानी कैल्शियम, पोटेशियम, मैंगनीज और सेलेनियम जैसे खनिजों में समृद्ध होता है जो त्वचा की सेहत को सुधारने में काफी फायदेमंद माना जाता है। ये सभी पोषक तत्व आपकी त्वचा को साफ और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। जीरे के पानी में प्रचुर मात्रा में विटामिन–ई भी होता है जिसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो समय से पहले बुढ़ापे के लक्षणों को रोकने में सहायक है। नियमित रूप से एक गिलास जीरा पानी पीने से आपकी त्वचा पर दिखाई देने वाली झुर्रियां भी कम हो सकती हैं।

### इम्युनिटी पावर को मिलती है मजबूती

शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को भी बेहतर बनाए रखने के लिए जीरा का पानी पीना आपके लिए काफी अच्छा विकल्प माना जाता है। जीरा आयरन और डाइट्री फाइबर का एक उत्कृष्ट स्त्रोत है, जो इम्युनिटी को मजबूती देने में सहायक है। यह बीमारियों से लड़ता है और आपके बीमार पड़ने की आशंका को कम करता है। चूंकि जीरा का पानी पाचन के लिए बेहतर माना जाता है, जिससे भोजन से पोषक तत्वों का अवशोषण बढ़ता है। इम्युनिटी पावर के लिए तमाम पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है।















## खास खबर

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में सभी सेवाओं का संचालन 21 से

**रायपुर।** प्रदेश के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 21 मार्च से राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी सेवाएं दी जाएंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने प्रदेश में कोविड संक्रमण पर नियंत्रण और नये न्यूनतम प्रकरणों को देखते हुए सभी सेवाओं के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों को खोलने के निर्देश दिए हैं। नया रायपुर स्थित मंत्रालय से बुधवार को इस संबंध में सभी कलेक्टरों, संभागायुक्तों और विभागीय जिला अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस तथा गरम भोजन हेतु ही आंगनबाड़ी केन्द्र खोले जाने के निर्देश दिए गए थे। राज्य में कुपोषण की रोकथाम व बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास हेतु बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं को आंगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का लाभ दिया जाना आवश्यक है। राज्य में वर्तमान में कोविड संक्रमण नियंत्रण में है।

### फूलों की खेती करने किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**कांकेर।** कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर में अखिल भारतीय समन्वित पुष्प विज्ञान, भारतीय कृषि अनुसंधान निदेशालय द्वारा पोषित आदिवासी उप योजना अंतर्गत व्यवसायिक पुष्पों का पौध प्रबंधन एवं उत्पादन तकनीक विषय पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ बीरबल साहू द्वारा फूलों की व्यवसायिक खेती की संक्षिप्त जानकारी कृषकों को दी गई। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ टी तिर्की एवं डॉ. समीर ताम्रकर ने फूलों की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी कृषकों को प्रदान की। डॉ देवशंकर राम, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कांकेर द्वारा पुष्पों के प्रवर्धन तकनीक की जानकारी दी गई। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ सुरेश मरकाम द्वारा गेंदा की उन्नत खेती की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उपस्थित कृषकों को पुष्प खेती में उपयोगी प्रो ट्रे, पोटाश घोलक जैविक खाद, खुरपी, गेंदा बीज साहित्य सामग्री वितरण किया गया। उपस्थित कृषकों को कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के प्रक्षेत्र पर बीज एवं पौध रोपण आदि का प्रायोगिक प्रदर्शन कराया गया। केन्द्र के वैज्ञानिक उपेन्द्र नाग, डॉ सी एल ठाकुर, डॉ कोमल सिंह केराम, हेमन्त भुआर्य, डॉ छत्रपाल पुहुप, वैशाली वासनिक का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में ग्राम चोरिया, लारगांव, अरौद, सिंगारभाठ के कृषक उपस्थित थे।

# पुणे हवाई अड्डे को अधिक क्षमता के साथ नया टर्मिनल भवन मिलेगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के पुणे हवाई अड्डे पर अधिक क्षमता और विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ नया एकीकृत टर्मिनल भवन बनाया जा रहा है। इससे व्यस्त समय में भीड़-भाड़ में कमी आएगी। एएआई 475 करोड़ रुपये की लागत से टर्मिनल बिल्डिंग बना रहा है। बिल्डिंग का 55 प्रतिशत से अधिक काम पूरा हो चुका है और निर्माण कार्य अगस्त, 2023 तक पूरा हो जाएगा।**



वर्तमान टर्मिनल बिल्डिंग का कुल क्षेत्र 22,300 वर्ग मीटर है और यह टर्मिनल बिल्डिंग प्रति वर्ष 7 मिलियन एमपीपीए का प्रबंधन करता है। एएआई 5,00,000 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्र में आत्याधुनिक नया टर्मिनल बना रहा है। नया टर्मिनल वर्तमान टर्मिनल से जुड़ा होगा और इसका कुल क्षेत्र 7,50,000 वर्ग फीट होगा और 16 एमपीपीए यात्रियों का प्रबंधन करेगा।

शानदार नया एकीकृत टर्मिनल भवन (पुराना भवन सहित) केन्द्रीय रूप से वातानूकुलित होगा और इसमें 10 पैसेंजर बोर्डिंग ब्रिज, 72 चेक-इन काउंटर तथा इन लाइन बैगेज हेंडलिंग प्रणाली होगी। नया भवन 4 स्टार गृह रेटिंग के साथ ऊर्जा सक्षम भवन होगा। यात्रियों के जल-पान/मनोरंजन के लिए खाद्य और पेय पदार्थों तथा रिटेल आउटलेट के लिए 36,000 वर्ग फीट स्थान सुरक्षित रखा गया है। वर्तमान भवन के सिटी साइड में विशाल मंडप होगा और बिल्डिंग सिटी साइड से शानदार दिखेगी।

नए टर्मिनल बिल्डिंग के लिए परियोजना का मजबूत लक्ष्य पुराने तथा नए के बीच एकता और निरंतरता के लिए खोज है। 360 मीटर की लंबाई में फैला बरामदा अग्र भाग से जुड़ा होगा और यह यात्रियों को गर्मी और बरसात से न केवल सुरक्षित रखेगा, बल्कि इसमें पुणे तथा महाराष्ट्र की समृद्ध, सामाजिक-ऐतिहासिक तथा कलात्मक संस्कृति दिखाई जाएगी। विशाल बरामदे के नीचे सार्वजनिक क्षेत्र में सुंदर मराठा मेहराब तथा स्थानीय काले पत्थर की फिनिश के साथ सजाए गए स्तंभ होंगे, जो महराष्ट्र के आस-पास की अधिकतर विरासत संरचनाओं में देखा जाता है। आगे के प्रांगण में उद्यान पुणे के सर्वाधिक चिन्हित लैंडमार्क- शनिवार वाडा गार्डन से प्रेरित है।

पार्किंग के समस्या के स्थायी समाधान के लिए मल्टीलेवल कार पार्क (ग्राउंड+तीन मंजिल तथा दो बेसमेंट फ्लोर) 120 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है और इसके जुलाई, 2022 तक चालू हो जाने की संभावना है। मल्टीलेवल कार पार्किंग में 1024 कारों की पार्किंग क्षमता होगी और स्काई ब्रिज के साथ यह वर्तमान बिल्डिंग के प्रस्थान क्षेत्र से जुड़ा होगा। इसमें सीढ़ी, स्केलेटर, एलिवेटरों का प्रावधान होगा।

माननीय प्रधानमंत्री ने हाल में पुणे शहर के लिए आधुनिक संरचना और परिवहन सुविधाओं के महत्व को रेखांकित किया है। शिक्षा, अनुसंधान और विकास, आईटी तथा ऑटोमोबिल के क्षेत्र में पुणे की अपनी पहचान है। पुणे हवाई अड्डे का नया टर्मिनल भवन पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के अंतर्गत अवसंरचनामुखी विकास के उनके विज़न में जुड़ेगा।

# समग्र शिक्षा के जिला स्तरीय आयोजन में उत्कृष्ट शिक्षक एवं बच्चे पुरस्कृत हुए

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा। कलेक्टर श्री रमेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा कबीरधाम के द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान महाराजपुर में पढ़ाई तुंहर दुआर 2.0 के अन्तर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिला स्तरीय प्रतियोगिता जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने शिक्षकों तथा प्राथमिक शाला के विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए।**




सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों के द्वारा बनाए गए गणित और विज्ञान के सभी प्रोजेक्ट की प्रशंसा की तथा शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए बधाई दी व आगे भी बच्चों के हित में इसी प्रकार कार्य करते रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डीएमसी श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव एवं डाइट प्रचार घनश्याम नेताम सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सीईओ जिला पंचायत का अभिनंदन किया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए विकासखंडों से चयनित दो-दो बच्चों को जिला स्तर पर शामिल किया गया था जिसके अनुसार पठन कौशल में प्रथम कुमारी कामिनी प्राथमिक शाला गंगानगर एवं द्वितीय स्थान कुमारी देवकी वर्मा प्राथमिक शाला विचारपुर ने प्राप्त किया इसी प्रकार गणित कौशल में प्रथम गोपालकुमार प्राथमिक शाला छाटा झा एवं द्वितीय स्थान संतोष कुमार साहू प्राथमिक शाला चिखली ने प्राप्त किया। छोटे-छोटे प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रथम स्थान प्रमोद कुमार प्राथमिक शाला सिंह सिंगहनगढ़ एवं द्वितीय स्थान कुमारी मीनाक्षी पटेल प्राथमिक शाला खुंटू ने प्राप्त किया। हस्त पुस्तिका निर्माण के लिए कवर्धा से कुमारी नीलम कुमारी सावित्री निषाद बोड़ला से कुमारी मोनिका एवं कुमारी अंजली निषाद पंडरिया से संजय एवं कुमारी पल्लवी तथा सहसपुर लोहारा से हितेश मंडावी तथा कुमारी आस्था मंडावी को पुरस्कृत किया गया।

इसी प्रकार कबाड़ से जुगाड़ के अंतर्गत 4=4 शिक्षकों ने गणित और विज्ञान के प्रोजेक्ट विकास खंडों से प्रस्तुत किए थे जिनमें प्रथम स्थान कैलाश मंडावी प्राथमिक शाला बाजार चारभाठा को मिला तथा दूसरे स्थान पर 3 प्रतिभागी रहे श्रीमती प्रियंका बाजपेई माध्यमिक शाला सिंघानपुरी श्री नदीम खान प्राथमिक शाला मोतीमपुर सहसपुर लोहारा एवं श्री किशोर प्रजापति प्राथमिक शाला बाटी पथरा बोड़ला ने प्राप्त किया।

सभी प्रतिभागियों को सीईओ जिला पंचायत ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में समग्र शिक्षा के डीएमसी श्री विनोद श्रीवास्तव, डाइट प्राचार्य श्री घनश्याम नेताम, सहायक परियोजना समन्वयक अवधेश नंदन श्रीवास्तव एवं संतोष कुमार साहू वरिष्ठ व्याख्याता टी एन मिश्रा राम कुमार पांडे दिलीप चंद्रवंशी , बीआरसी राजेंद्र सोनी, सुनील मेहरा, जलेश चंद्रवंशी, राकेश चंद्रवंशी, मोहन लाल शर्मा, बीआरपी विनोद गोस्वामी गायत्री साहू , नरेश सोनी निर्णायक गण अखिलेश मिश्रा, सुरेश मानकर, फागूराम डिंडोरे, भारत भूषण शर्मा, एफ एल एन सलाहकार यशवंत गेंद्रे, चमेली देवांगन, आयुषी विश्वकर्मा सहित डाइट के व्याख्याता गण एवं जिले के प्रतिभागी शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

पढ़ाई तुंहर दुआर 2.0 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रत्येक विकास खंड से नौ नौ शिक्षकों को सीईओ जिला पंचायत श्री संदीप कुमार अग्रवाल ने शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह एवं पेन भेंट कर सम्मानित किया सम्मानित होने वाले शिक्षकों में विकासखंड कवर्धा से श्रीमती वर्षा मानिकपुरी, जगपाल चंद्रावल सुखदेव प्रसाद चंद्राकर उमेश कुमार ठाकुर भागवत लाल साहू राजकुमार श्रीवास कुमारी अनूप धुर्वे, मोहित कुमार धुर्वे एवं डॉ सुरेश कुमार तंबोली।

# जीता वही, जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए लड़ा - कलेक्टर

**कक्षा सातवीं के अभय के सवाल पर बताया अपने लक्ष्य को हासिल करने का मूलमंत्र**

**स्वामी आत्मानंद स्कूल में कलेक्टर ने कक्षा सातवीं के बच्चों के साथ पढ़ा संस्कृत का पाठ**

**कलेक्टर ने मिड डे मील, बच्चों को आयरन फोलिक टेबलेट के वितरण, अधोसंरचना निर्माण का किया निरीक्षण**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरिया। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने प्रशासनिक अमले के साथ बुधवार को विकासखंड सोनहत में स्वामी आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा सातवीं में बच्चों से मुलाकात कर उनकी पढ़ाई के बारे में बातचीत की। जिले के कलेक्टर को अपने बीच पाकर बच्चे बेहद उत्साहित हुए।**



कलेक्टर ने संस्कृत पढ़ रहे बच्चों के साथ एक पाठ पढ़कर बच्चों से उनके अर्थ पूछे। जिसका छात्र अभय प्रखर पांडेय ने सही अनुवाद किया। इसी बीच अभय ने कलेक्टर से जीवन में अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए उनसे सवाल किए, जिसके जवाब में कलेक्टर ने कहा - सबसे पहले और सबसे जरूरी अपना लक्ष्य निर्धारित करो और अपने सपनों को पूरा करने के लिए सतत प्रयास करते रहो। उन्होंने कहा कि अपने सपनों को पूरा करने के लिए, जीतने के लिए लगातार लड़ते रहो। उन्होंने कहा कि इन सबके के साथ जीवन में नया सीखना भी बेहद ज़रूरी है। ज़िंदगी में कुछ बेहतर करने के लिए अपने आसपास के लोगों से प्रेरणा ली जा सकती है। सीखने की ललक को कम ना होने दें। कलेक्टर ने बच्चों के साथ एक छोटी कहानी भी साझा की। उन्होंने कहा कि बरसात की जब पहली बूंद ज़मीन पर गिरती है। तो वो भूमि में समा जाती है। पर जब बारिश बनकर गिरती है तो नदी-नालों से होते हुए अपनी मंजिल समुद्र तक पहुंचती है। इसलिए अपने लक्ष्य को हासिल करने तक प्रयास करते रहें। बच्चों ने कलेक्टर को धन्यवाद दिया और कलेक्टर शर्मा ने बच्चों को परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर ने स्कूल में मिड डे मील की व्यवस्था का अवलोकन किया। इसके साथ ही स्कूल में बच्चों को आयरन फोलिक टेबलेट के वितरण की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को बच्चों को टेबलेट का वितरण सुनिश्चित करें जिससे कोई भी बच्चा छूटे ना।

उन्होंने स्कूल में अधोसंरचना निर्माण एक भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत कुणाल दुदावत, एसडीएम सोनहत एवं संबंधित विभागों के जिला स्तरीय व खण्ड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत के प्लांट-बेस्ड खाद्य क्षेत्र में है अपार संभावनाएं : प्रहलाद सिंह पटेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। प्लांट बेस्ड फूड्स इंडस्ट्री एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से मुलाकात की। एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक, संजय सेठी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पटेल को भारत में तेजी से उभरते प्लांट बेस्ड खाद्य क्षेत्र की स्थिति के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्लांट बेस्ड खाद्य बाजार वर्ष 2025 में 77.8 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।**



बैठक में देशभर से आए विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधि और उद्योगपति शामिल हुए। बैठक में प्लांट बेस्ड फूड इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने पर चर्चा हुई। प्रह्लाद सिंह पटेल ने बैठक में आए प्रतिनिधि मंडल से प्लांट बेस्ड फूड्स इंडस्ट्रीज़ क्षेत्र में गति लाने को लेकर सुझाव मांगे और प्रतिनिधि मंडल को खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय द्वार हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। उन्होंने इस क्षेत्र को गति देने और आगामी महीनों में उचित सुझावों के साथ फिर से बैठक करने को कहा। उन्होंने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार लगातार आत्मनिर्भर भारत और युवाओँ के लिए रोजगार सृजन की दिशा में कार्य कर रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने PBFIA को कोल्ड चेन लॉजिस्टिक्स पर चर्चा करने के लिए मंत्रालय के साथ एक विशेष बैठक करने के दिशा-निर्देश भी दिए और उद्योग के लिए प्रमुख शहरों के बीच दैनिक पार्सल संचालन को सुचारू किए जाने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा की।

# नौनिहालों में दिखा वैक्सीनेशन के प्रति उत्साह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। पंडरी स्थित जिला अस्पताल में 12 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए बुधवार को टीकाकरण की शुरुआत की गई है7 टीकाकरण के प्रति बच्चों में उत्साह देखने को मिला 7 बच्चे अपने माता-पिता के साथ पहुंचकर टीकाकरण करवा रहे है। साथ ही टीकाकरण करने वालों को थैंक यू कह कर, ऑब्जरवेशन रूम में आधे घंटे का समय बिताकर घर जा रहे है ।**



टीकाकरण कराने आयीं गुजराती हायर सेकेंडरी हिंदी मीडियम स्कूल में नौवीं की छात्रा नव्या चंद्र ने बताया, ''मैं अपने पिता के साथ जिला अस्पताल पंडरी में वैक्सीनेशन के लिए गई थी। वहां पर मेरा रजिस्ट्रेशन किया गया । इसके अलावा मुझसे पूछा गया कि नाश्ता करके आए हो या नहीं। स्वास्थ्य कर्मियों ने टीकाकरण के उपरांत थोड़ा आराम करने की सलाह दी 7 साथ ही साथ उन्होंने कहा कि मास्क लगाना, शारीरिक दूरी का पालन भी पहले की भाँति ही करना होगाऔर नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने होंगे। टीकाकरण कोविड-19 संक्रमण के खतरे को कम करता है।

नव्या ने आगे बताया कि उनके परिवार में सभी लोगों ने अपना टीकाकरण करवा लिया है । जब परिवार का टीकाकरण होगा तो सारा समाज और देश कोविड-19 के खतरे से सुरक्षित होगा ।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ आशीष वर्मा ने बताया, जिला अस्पताल पंडरी में 12 से 14 साल के बच्चों का टीकाकरण शुरू कर दिया गया है। प्रथम डोज़ के 28 दिन उपरांत दूसरा डोज़ लगाया जाएगा 7 सभी अभिभावक अपने बच्चों को कोविड-19 से सुरक्षा प्रदान करने के लिए टीकाकरण अवश्य कराएं। टीकाकरण करा लेने से कोविड-19 संक्रमण को कम किया जा सकता है। टीकाकरण के उपरांत कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन भी अनिवार्य रूप से करें । अभी जिले में दो केंद्र पर टीकाकरण होगा और17 मार्च से मेडिकल कॉलेज में भी टीकाकरण की व्यवस्था चालू कर दी जाएगी। 18 और 19 मार्च को टीकाकरण होली अवकाश के कारण बंद रहेगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. आशीष वर्मा कहते है, देश में हर साल 16 मार्च राष्ट्रीय प्रतिरक्षा दिवस के रूप में भी जाना जाता है। भारत में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस की शुरुआत साल 1995 से हुई। इस साल 16 मार्च को पहली बार ओरल पोलियो वैक्सीन यानी कि मुंह के माध्यम से पोलियो वैक्सीन दी गई।

यह वह दौर था जब देश में पोलियो के मामले तेजी से बढ़ रहे थे, जिस पर नियंत्रण पाने के लिए सरकार ने पोलियो टीकाकरण की शुरुआत की थी। टीकाकरण होने कई जानलेवा रोगों से भी बचाता है इसलिए नियमित टीकाकरण करवाना चाहिए।































# पेट्रोल पंप पर खड़े 3 ट्रक अचानक जले डीडी नगर के ठाकुर पेट्रोल पंप की घटना

**रायपुर (ए)।** रायपुर के डीडी नगर स्थित एक पेट्रोल पंप की पार्किंग में खड़े ट्रकों में बुधवार को अचानक आग लग गई। इस घटना में 3 वाहन जलकर खाक हो गए। समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। इसलिए आग की लपटें पेट्रोल पंप तक नहीं पहुंचीं। फिलहाल आग कैसे लगी इसके कारणों का पता लगाया जा रहा है। मामला दीनदयाल उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र का है।



जानकारी के अनुसार, रायपुर के ठाकुर पेट्रोल पंप में रोज की ही तरह बुधवार को 4 से 5 ट्रक पार्किंग में खड़े थे। इनमें से एक ट्रक में अचानक आग लग गई। जब धुआं उठने लगा तब लोगों की नजर ट्रक पर पड़ी। बताया जा रहा है कि आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास में खड़े अन्य 2 ट्रक भी आग की चपेट में आ गए। दोनों ट्रक भी धू-धू कर जलने लगे।

जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने फौरन आग पर काबू पा लिया। समय रहते यदि आग पर काबू नहीं पाया जाता तो आग की लपटें पेट्रोल पंप तक पहुंच सकती थी। जिससे कोई बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणों का पुलिस पता लगा रही है।

### 3 दिन बाद ही मिलेगी होली में पकड़ी गई गाड़ी

# नशे में वाहन चलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में होलिका दहन की शाम से लेकर पर्व के के दौरान नशे की हालत में गाड़ी चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनकी गाड़ी को जब्त कर कोर्ट में चालान पेश किया जाएगा और तीन दिन बाद ही उनकी गाड़ी मिल सकेगी। उनके मामलों का निपटारा होली पर्व के बाद ही किया जाएगा। होली पर्व पर यातायात व्यवस्था बनाने के लिए गुरुवार रात 10 बज से 20 मार्च की रात 10 बजे तक भारी वाहनों की एंट्री बंद रहेगी। इस दौरान भारी वाहनों को बाइपास मार्ग से आना-जाना करना होगा। उन पर नजर रखने के लिए हाईवे पेट्रोलिंग का इंतजाम किया गया है।



होली पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए पुलिस अफसरों ने बैठक ली है। इसके साथ ही शहर और ग्रामीण क्षेत्र में भी थाना प्रभारियों को शांति समिति की बैठक लेकर कानून व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए गए हैं। होली पर्व के दौरान राजपत्रित अफसरों के साथ ही राजस्व अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही शहर के अलग-अलग जोन में बांटा गया है। पर्व में हुड़दंगियों की धरपकड़ करने के लिए थानों को लाइन से अतिरिक्त बल मुहैया कराई गई है।

एडिशनल एसपी ट्रैफिक रोहित बघेल ने बताया कि पर्व में यातायात व्यवस्था सुरक्षित रखने के निर्देश दिए गए हैं। यातायात पुलिस की ओर से होली के दौरान हाईवे में गश्त कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि 17 मार्च की रात 10 बजे से 20 मार्च की रात 10 बजे तक शहर में सभी प्रकार के भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। इस दौरान रायपुर से कोरबा की ओर जाने वाले वाहन पेंड्रीडीह बाइपास से आना-जाना करेंगे।

# पोस्ट मास्टर ने किया 51 लाख रुपए का गबन, सूरजपुर का कियोस्क मालिक भी शामिल



**चिरमिरी (ए)।** दुर्ग के पोस्ट मास्टर ने सूरजपुर जिले के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के साथ मिलकर कोरिया और सूरजपुर के पोस्ट ऑफिस के खातों से 51 लाख रुपए की चोरी की है। मामले का खुलासा तब हुआ जब चिरमिरी के गोदरीपारा पोस्ट ऑफिस से 63 हजार 784 रुपए चोरी हो गए। बाकी 51 लाख रुपए अन्य जिलों से निकाला गया है। दोनों आरोपी को पकड़ने में कोरिया पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। बुधवार को पुलिस लाइन के कांफ्रेंस हॉल में प्रेसवार्ता में पुलिस ने बताया कि दुर्ग जिले के प्रभारी पोस्ट मास्टर किशोर पटेल ने सूरजपुर ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक व बिजली बिल मीटर रीडर तीरथ राजवाड़े के साथ मिलकर अलग-अलग क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस खाते से 51 लाख रुपए की चोरी की है।

दोनों आरोपी सीएससी आईडी के माध्यम से सरकारी खाते से मोबाइल टीवी व अन्य रिचार्ज समेत बिल का भुगतान कर कई सालों तक धीरे धीरे रुपए चुराते रहे, लेकिन इसकी भनक किसी को नहीं लगी। पूरे मामले में प्रभारी पोस्ट मास्टर किशोर पटेल के साथ अन्य स्टाफ के मिले होने की जानकारी सामने आ रही है, जिनकी मदद से अलग-अलग पोस्ट ऑफिस के आईडी व पासवर्ड आरोपी तक पहुंचे थे। पुलिस पूरे मामले की विवेचना में जुटी हुई है। जल्द ही इसमें और भी आरोपी गिरफ्तार हो सकते हैं। दरअसल चिरमिरी के गोदरीपारा में डिप्टी पोस्ट मास्टर कृष्ण वर्मा के सीएससी आई से 63 हजार 784 रुपए की चोरी की गई थी, जिस पर डिप्टी पोस्टमास्टर कृष्ण वर्मा ने चिरमिरी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था।

पोस्ट मास्टर के अनुसार 28 फरवरी व 1 मार्च को उनके खाते से रुपए निकाले गए थे, जिसपर पुलिस अपराध दर्ज कर मामले की विवेचना कर रही थी। इसके बाद प्रदेशभर के पोस्ट ऑफिस से रुपए चोरी होने की आशंका जताई जा रही है। मामले की जानकारी एसपी कोरिया प्रफुल्ल ठाकुर को मिलने पर पुलिस की अलग-अलग टीम बनाई गई। इसमें कोरिया साइबर क्राइम पुलिस की मदद से जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस के सीएससी आईडी से किए गए रिचार्ज व बिल की जांच में खुलासा हुआ।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई

( संपत्तिकर विभाग )

क्रमांक/चार/तीन/सं.क.वि./2022/669/362 भिलाई दिनांक 14/03/2022

//स्वामित्व के हस्तांतरण की सूचना//

इस ईश्तहार द्वारा हित रखने वाले हितग्राही को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 में स्वत्वाधिकार के अंतरण के संबंध में निम्नलिखित हस्तांतरिती के नाम से जिसका कि नगर पालिक निगम भिलाई के संपत्तिकर अभिलेख में हस्तांतरणकर्ता के स्थान पर नाम दर्ज किया जाना है यदि किसी को इस संबंध मे कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरकार्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है बाद मे प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा:-

| क्र. | हस्तांतरणकर्ता का नाम | हस्तांतरिती का नाम | हस्तांतरण का स्वरूप | संपत्ति की स्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | स्व. श्री संतलाल आडिल, पिता-श्री हजीराम आडिल, निवासी-क्वा. नं.-2डी, सड़क नं.-5, सेक्टर-8, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती सत्यवती आडिल पति स्व. संतलाल आडिल, प्रीतिबाला आडिल पिता स्व. संतलाल आडिल, निशा कुर्रे पिता स्व. संतलाल आडिल, मधुबाला आडिल पिता स्व. संतलाल आडिल, नेहा आडिल पिता स्व. संतलाल आडिल, प्रिया आडिल पिता स्व. संतलाल आडिल, निवासी- न्यू साकेत नगर कालोनी, कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | वारिसान | कोहका, (वार्ड नं.-09, कोहका पुरानी बस्ती वार्ड के पुरानी बस्ती अंदर भाग) भिलाई, खसरा नं. 4605 का टुकड़ा, प्लाट नं. 09, रकबा-688 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 2 | (1) चन्द्रशेखर गोस्वामी, पिता-श्री एस. बी. गोस्वामी, (2) श्रीमती निशा गोस्वामी, पति-श्री चन्द्रशेखर गोस्वामी, निवासी-म.नं.-22, कान्हा पार्क कालोनी, विवेकानंद कोहका, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | हर्षिता राय, पिता-श्री पन्नालाल राय, निवासी-क्वा. नं. 12 बी, सड़क-71, सेक्टर-06, ई.मार्केट भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, (वार्ड नं.-07 फरीदनगर वार्ड के शिक्षक नगर विवेकानंद नगर से लगा कान्हा पार्क अंदर भाग), भिलाई, खसरा नं. 1687/25, प्लाट नं. 22, रकबा-137.25 वर्गमीटर, आवासीय भवन निर्मित। |
| 3 | श्री अभिनव नेमा पिता श्री दिनेश नेमा, निवासी-274, आर्यनगर, गुप्ता नर्सिंग होम के पास, दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती साव्वाना मीनाक्षी ध.प. श्री एस.व्ही. एन. राव, निवासी-प्लाट नम्बर-58, क्रास स्ट्रीट-3, प्रगतिनगर, रिसाली, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, जुनवानी, चौक से चिखली नाला धमधा रोड की ओर(वार्ड नं.-01), अन्दर भाग, भिलाई, खसरा नं. 351/10, रकबा-1020 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 4 | श्रीमती रजनी पिपरसानिया, पति-श्री राजेश पिपरसानिया, निवासी-म.नं. -668बी, सड़क-23, स्मृतिनगर जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | 1. श्री उदय प्रकाश राय, पिता-श्री हरिदेव राय, 2. श्रीमती दुर्गा राय, पति-श्री उदय प्रकाश राय, निवासी-ब्लाक नं.-जी-6, म. नं.-23, कलेक्टर कालोनी, कंवर्धा, तह. व जिला कंवर्धा(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, स्मृति गृह निर्माण सहकारी समिति स्मृतिनगर अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं. 288/317, प्लाट नं. -बी-668, रकबा-2400 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 5 | श्री सुदर्शन कुमार, पिता-स्व. रूढ़ामल, निवासी-2/ए/36, नेहरू नगर पूर्व भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री संदीप मोदी जैन, पिता-श्री संतोष मोदी जैन, निवासी-फ्लैट नं.-पी.एच.01, ब्लाक-1, दलीप परिसर, कैलाश नगर, कुरूद, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | छावनी, वार्ड नं. 37, खुर्सीपार जोन-1, चन्द्रशेखर आजाद नगर वार्ड के अंतर्गत-छावनी मार्केट अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं. 2828/1, रकबा-1115 वर्गफीट, दुकान नं.-15, 16, 17, 18, भूतल एवं प्रथम तल पर दुकान निर्मित। |
| 6 | श्री राजीव कुमार अग्रवाल पिता-स्व. राम कुमार अग्रवाल, निवासी-1768 न्यू आदर्श नगर, दुर्ग, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | श्रीमती श्वेता रामटेके, पति -श्री विनेश रामटेके, निवासी-81, गौतम नगर सुपेला, भिलाई तह. व जिला दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | कोहका, वार्ड नं. 07, फरीद नगर कोहका वार्ड के आनंद पुरम नगर अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं. 2047/54, प्लाट नं. 36, रकबा-1500 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |
| 7 | "चौहान हाउसिंग"(चौहान ग्रीन वैली) आपेंजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई प्रोपराईटर- श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत(दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. श्री राहुल यादव, आ. श्री मुन्नी सिंह यादव, 2. श्री मुन्नी सिंह यादव, आ. श्री शिवनाथ यादव, निवासी-ब्लाक-5/बी, स्ट्रीट नं. 37, सेक्टर-4, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड 01,"चौहान हाउसिंग" (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट-चौहान टाउन, खम्हरिया व जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 11, ब्लाक-"B16", तृतीय तल, 840.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 8 | "चौहान हाउसिंग"(चौहान ग्रीन वैली) आपेजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई प्रोपराईटर- श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत(दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. श्रीमती प्रभा कामडे, ध.प. श्री चैन लाल कामडे, 2. श्री धनंजय कामडे, आ. श्री चैन लाल कामडे, निवासी-डहलिया-346, बी-ब्लाक, तालपुरी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड 01,"चौहान हाउसिंग" (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट-चौहान टाउन, खम्हरिया व जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 09, ब्लाक-"B16", तृतीय तल, 840.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 9 | "चौहान हाउसिंग"(चौहान ग्रीन वैली) आपेजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई प्रोपराईटर- श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत(दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | 1. श्री सलमान, आ. श्री असलम खान, 2. श्री असलम खान, आ. स्व. रजक खान, निवासी-क्वा. नं. 6/बी, स्ट्रीट नं. 5, सेक्टर-4, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड 01,"चौहान हाउसिंग" (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट-चौहान टाउन, खम्हरिया व जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 06, ब्लाक-"B16", द्वितीय तल, 840.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 10 | 1. श्री जे.ब्रिटॉल फेलिक्स आ. स्व. एस जेम्स पॉल राज, 2. श्रीमती एफ जोसफिन मंजुला मेरी आ. जे. ब्रिटॉल फेलिक्स, निवासी-डी-6 सीएचपीएल ड्रीम होम्स,जुनवानी, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती जीडीपल्ली हरिलीला पति जीडीपल्ली वीरा ब्रम्हचारी, निवासी-BKD-26, जे.एल.हास्पिटल, सेक्टर-9, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड 01,"CHPL DREAM HOMES APARTMENT" (चौहान ग्रीन वैली) जुनवानी, नियर माडल टाउन, Beside पंचमुखी हनुमान मंदिर, भिलाई, फ्लैट नं. 6, ब्लाक-D, प्रथम तल, 1167.00 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 11 | "चौहान हाउसिंग"(चौहान ग्रीन वैली) आपेजिट चौहान टाउन, जुनवानी, भिलाई प्रोपराईटर- श्री अजय चौहान आ. स्व. श्री विपत(दीपेश्वर) चौहान, निवासी-राजीव नगर, भिलाई तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्रीमती शिखा मंडल, ध.प. श्री मृणल कांती मंडल, निवासी-फ्लैट नं. 12, ब्लॉक-ई/4, द्वितीय तल, "चौहान हाउसिंग" चौहान ग्रीन वैली, जुनवानी, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | वार्ड 01,"चौहान हाउसिंग" (चौहान ग्रीन वैली) अपोजिट-चौहान टाउन, खम्हरिया व जुनवानी, भिलाई, फ्लैट नं. 12, ब्लाक-"E4", द्वितीय तल, 501.99 वर्गफीट पर आवासीय फ्लैट निर्मित। |
| 12 | श्री जीतेन्द्रनाथ जायसवाल, पिता-स्व. केदारनाथ शाह, निवासी-प्लाट नं-बी-461, क्रास स्ट्रीट-23, जुनवानी, स्मृतिनगर, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | श्री कुलभूषण जैन, पिता-श्री गोपालदास जैन, निवासी-मकान नं.-एम.आई.जी. -II/273 हुडको, भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग(छ.ग.) | बिक्रीनामा | जुनवानी, वार्ड नं. 01, स्मृतिनगर अंदर भाग, भिलाई, खसरा नं. 288/201, भूखण्ड क्रमांक बी-461, रकबा-2400 वर्गफीट, आवासीय भवन निर्मित। |

उपायुक्त ( संपत्तिकर )
नगग पालिक निगम
भिलाई



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा

## निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 1325/NIT-39/2021-2022/व.ले.लि. दिनांक 14.03.2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 23.03.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 30.03.2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 31.03.2022 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

बेमेतरा संभाग के अन्तर्गत निम्नलिखित मार्गो का WMM एवं बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य.

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 39 T0320 | पड़कीडीह बाराडेरा चंदनु मार्ग के किमी 8 से 12/2 में | 19.85 15000.00 |
| 39 T0321 | ढोलिया कोसा चंदनु रोड के किमी 8 से 17/4 में | 19.95 15000.00 |
| 39 T0322 | घोटमर्रा कंदई पदमी अकोला मार्ग के किमी 1/2 से 8/6 में | 19.98 15000.00 |
| 39 T0323 | घोटमर्रा कंदई पदमी अकोला मार्ग के किमी 8/6 से 15/10 में | 19.98 15000.00 |
| 39 T0324 | भिलोनी चक्रवाय बदनारा मार्ग के किमी 8 से 14 में | 19.99 15000.00 |
| 39 T0325 | दाढ़ी सेमरिया बंसापुर करचुवा मार्ग किमी 7/2 से 13/10 में | 19.96 15000.00 |
| 39 T0326 | बेमेतरा नवागढ़ राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्र. 10 के किमी 7/10 A, 7/10 B व 10/8, ब्लैक स्पार्ट का सुधार एवं ढोलिया कोसा चंदनु मार्ग के किमी 1/4-6 में | 19.98 15000.00 |
| 39 T0327 | बेमेतरा नवागढ़ राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्र. 10 के कि.मी. 11/8, 13/4, 13/8 में ब्लैक स्पोर्ट में | 19.99 15000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है. इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है.

जी-68795/5

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग, बेमेतरा



आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875 99938-08453 75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राइक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. - 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
सबसे रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### लीनेस क्लब के होली मिलन में खूब उड़े गुलाल

**भिलाई।** सामाजिक सेवा में अग्रणी संस्थान लीनेस क्लब ने होली मिलन समारोह का आयोजन नेहरू नगर में किया। महिला दिवस के आयोजनों के सिलसिले में लीनेस क्लब की सदस्यों ने प्रत्येक महिला के योगदान को सर्वोपरि मानते हुए इस मौके पर सभी का सम्मान किया एवं उनके कार्यों की सराहना की। आयोजन में डिस्ट्रिक्ट एडवाइजर मृदुला रोजिनदार एवं डिस्ट्रिक्ट सचिव रश्मि अग्रवाल विशेष अतिथि थीं। क्लब की अध्यक्ष सीमा यादव ने कहा कि कामकाजी हो या घरेलू महिला, हर कोई अपने व्यस्तम समय से गुंजाइश निकाल कर समाजसेवा के कार्यों को अंजाम दे रही है। ऐसे में सभी का योगदान रेखांकित करते हुए इस आयोजन में सम्मानित किया गया। इस दौरान महिलाओं ने अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ किया और कुछ रोचक संस्मरण सुनाए। सचिव लता मंत्री ने बताया कि इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुई। होली के अवसर को देखते हुए महिला सदस्यों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगा कर शुभकामनाएं दी। महिलाओं ने इस दौरान जमकर फाग गीत गाए और खूब गुलाल भी उड़ाए।

### रिटायर कर्मियों के अनुभव का लाभ मिलेगा मौजूदा कर्मियों को - परगनिहा

**भिलाई।** भिलाई स्टील प्लांट कर्मियों की सहकारी संस्था बीएसपी एम्पलाइज को-आपरेटिव एंड वेलफेयर सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-4 ने एक कार्यक्रम का आयोजन कर माह जनवरी, फरवरी व मार्च-2022 में सेवानिवृत्त अपने सदस्य कर्मियों को ससम्मान विदाई दी। समारोह में अधिकांश सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों की राय थी कि उनकी सदस्यता समाप्त ना की जाए और संस्था से उनकी संलग्न का बरकरार रहे। सोसाइटी में हुए एक कार्यक्रम में 1985 से 1999 के बीच बीएसपी की सेवा से जुड़े कुल 27 कर्मियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर विदाई सम्मान पत्र, मिठाई, फल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर दी गई। समारोह में रिटायर सदस्यों की दीर्घसेवा का सम्मान करते हुए अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने कहा कि सभी वरिष्ठ सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में वृहद अनुभव रखते हैं और इन सेवानिवृत्त कर्मियों के दीर्घ अनुभव का लाभ आवश्यकता पडने् पर मौजूदा कर्मियों को मिलेगा। उन्होंने बताया कि दुर्घटना बीमा की अवधि 23 मई 2022 तक लागू रहेगी।

### एमआईसी समेत अधिकारी-कर्मचारियों ने भी खरीदा

**रिसाली।** रिसाली निगम क्षेत्र की महिलाओं द्वारा तैयार गुलाल की डिमांड बढ़ते जा रही है। पालक रस के अलावा अन्य प्राकृतिक तत्वों से तैयार गुलाल पहली पसंद बन चुका है। बुधवार को महिला स्वसहायता समूह की सद्स्यों से रिसाली नगर पालिक निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने गुलाल व मिठाई की खरीदी की। रीना महिला स्वसहायता व सूर्योदय स्वसहायता समूह द्वारा तैयार हर्बल गुलाल लोगों की पहली पसंद बन चुकी है। महिला सद्स्यों ने बुधवार को गुलाल व मिठाई का आकर्षक पैक तैयार कर निगम कार्यालय पहुंची थी। जहां महिलाओं ने गुलाल की खासियत बताकर बिक्री की। सबसे पहले रिसाली नगर पालिक निगम के आयुक्त आशीष देवांगन ने गुलाल का पैकेट खरीदा। इसके बाद सभापति केशव बंछोर, एमआईसी सद्स्य चंद्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी व विलास राव बोरकर समेत पार्षद, निगम के कर्मचारियों ने गुलाल की खरीदी की। महिलाओं ने इस बार त्यौहार में गुलाल के साथ छत्तीसगढ़ी व्यंजन अइरसा पैक किया है। महिलाओं ने बताया कि अगर कोई अइरसा नहीं लेना चाहता है तो उनके लिए आप्शन के रूप में नारियल बर्फी रखा है। महिलाओं ने बताया कि एक 120 रूपए में 4 रंग का गुलाल पैकेट व मिठाई दे रही है। निगम के अनियमित कर्मचारियों को स्वसहायता समूह की महिलाए 20 रूपए का डिस्काउंट भी दे रही है। सूर्योदय स्वसहायता समूह की डोमेश्वरी साहू ने बताया कि होली में खासकर के शरीर में रंग का असर बाद में नजर आता है।

महापौर एवं आयुक्त सहित सभापति ने भी खरीदा गौठान में बना देसी गुलाल

# होली पर्व में रंग बिरंगी फूलों से बनी गुलाल से सराबोर होंगे भिलाईवासी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। नगर पालिक निगम भिलाई के गौठान में फूलों से बनी गुलाल की मांग दिन-ब-दिन बढ़ते जा रही है। होली पर्व बिल्कुल नजदीक है। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने होली पर्व को देखते हुए फूलों से गुलाल बनाने का काम प्रारंभ किया था और 70 किलो लक्ष्य इसके विक्रय को लेकर रखा था, परंतु 70 किलो फूलों से बने रंग हाथों हाथ बिक गए।**



डिमांड को देखते हुए 30 किलो गुलाल और तैयार किया जा रहा है।

महापौर नीरज पाल, नगर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे, सभापति गिरवर बंटी साहू, महापौर परिषद के सदस्य संदीप निरंकारी एवं अन्य सदस्यों ने फूलों से बनी रंग खरीदी और शहरवासियों से भी गौठान में निर्मित हर्बल गुलाल जो कि फूलों से निर्मित हुई है खरीदने की अपील की।

महापौर ने शहरवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मंदिरों में चढ़ने आए फूलों को एकत्र करके इसका उपयोग करने के उद्देश्य से फूलों से गुलाल बनाने का कार्य प्रारंभ किया है।

शहर के विभिन्न मंदिरों से फूलों को एकत्रित किया जा रहा है। गेंदा, गुलाब, सेवंती, कमल जैसे फूलों का उपयोग गुलाल रंग बनाने के लिए किया जा रहा है। होली पर्व को देखते हुए इसकी व्यापक तैयारियां महिलाओं ने की थी और गुलाबी, हरा, जामुनी, संतरा, पीला एवं लाल जैसे रंग के गुलाल इन्होंने तैयार किए थे। 70 किलो का लक्ष्य रखते हुए होली से पूर्व ही गुलाल की बिक्री हो गई और 7000 रुपए महिलाओं को आय प्राप्त हुआ है। गायत्री स्व सहायता समूह की महिलाएं अर्चना नागवंशी, पूनम साहू एवं सुलोचना धनकर ने इस पर विशेष रुप से ध्यान दिया है।

विक्रय के लिए महिलाओं ने सुपेला लक्ष्मी मार्केट, कोहका एवं निगम परिसर में स्टाल लगाया था। इसके अलावा लोगों ने शहरी गौठान से ज्यादा मात्रा में फूलों से बने रंग गुलाल की खरीदी की। इस गुलाल की कीमत महिलाओं ने 10 रुपए रखी है और प्रति किलो गुलाल की कीमत 100 रुपए रखी हुई है।

## आयुक्त के प्रस्तुत बजट पर चर्चाओं और सुझावों के साथ महापौर परिषद ने की सर्वसम्मिति से अनुशंसा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। आयुक्त प्रकाश सर्वे के द्वारा प्रस्तुत बजट पर महापौर परिषद के सदस्यों ने सर्वसम्मिति से अनुशंसा कर सामान्य सभा को भेजने का फैसला लिया है। बजट में शहर विकास के लिए जरूरी एवं आवश्यक कार्य के साथ-साथ सभी बातों का ध्यान रखा गया है। आज बजट को लेकर महापौर परिषद की बैठक प्रातः 11 बजे प्रारंभ हुई।**

निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निगम के लिए तैयार किये गये बजट को महापौर को प्रस्तुत किया। महापौर नीरज पाल ने बजट की चर्चा प्रारंभ कराई तथा महापौर परिषद के सदस्यों ने बजट को लेकर समीक्षा की और शहर विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव के साथ सामान्य सभा को भेजने के लिए अनुशंसा की। महापौर परिषद के समस्त सदस्यों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट को लेकर अपने विचारो से अवगत कराया और अपने महत्वपूर्ण सुझाव के साथ बजट को सर्वसम्मिति से सामान्य सभा को भेजने की अनुशंसा की। अनुशंसित बजट को आगामी दिनों में सामान्य सभा में पेश किया जायेगा। जिसमें महापौर परिषद के सदस्य एकांश बंछोर, संदीप निरंकारी, नेहा साहू, केशव चौबे, लक्ष्मी पति राजू, सीजू एनथोनी, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर, साकेत चंद्राकर, चंद्रशेखर गवई, लाल चंद वर्मा, मीरा बंजारे तथा लेखा एवं वित्त विभाग के प्रभारी मन्नान गफ्फार खान मौजूद रहे। निगम से लेखा अधिकारी जितेन्द्र ठाकुर, उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, सचिव जीवन वर्मा, शरद दुबे, राजस्व अधिकारी, एम.आर. रत्नेश इत्यादि मौजूद रहे। महापौर नीरज पाल ने होली के पर्व को देखते हुए होली दिवस के दिन दो समय यानी कि सुबह और शाम दोनों समय पानी देने के लिए जल विभाग के कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा को निर्देश दिए हैं।

सत्र के बाद मंत्री डहरिया ने मुलाकात कर विधायक को किया आश्वस्त

## अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान वोरा ने निकाय मंत्री से मांगी विकास के लिए राशि

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान नगरीय निकाय से संबंधित अनुदान मांगों पर चल रही चर्चा के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने नगर निगम से संबंधित विकास कार्यों के लिए राशि की मांग की है ।

वोरा ने निकाय मंत्री शिव डहरिया को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि, मुख्यमंत्री जी का गृह जिला होने का लाभ दुर्ग नगर निगम को भी प्राप्त हो रहा है , 15 वर्षों तक विकास से उपेक्षित दुर्ग शहरी क्षेत्र को अधोसंरचना विकास के लिए करोड़ों रु की राशि देने के साथ ही, ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट, कामकाजी महिला हॉस्टल, गौरव पथ पुनर्निर्माण, शिवनाथ मुक्तिधाम पहुंच मार्ग निर्माण की राशि जारी



की गई है। पुलगांव नाला डायवर्सन जैसा महत्वपूर्ण एवं जन स्वास्थ्य के लिए अति उपयोगी योजना को हमारी सरकार ने ही प्रारंभ कराया है। पूर्ववर्ती सरकारों ने शंकर नाला को कागजी परियोजना बना दिया था किंतु प्रदेश में कांग्रेस सरकार आते ही शहर के गंदे पानी की निकासी करने वाले महत्वपूर्ण शंकर नाला सुदृढ़ीकरण का कार्य जमीन पर दिखने लगा। लगातार बारिश के दौरान जल भराव से नदियों में नहीं सड़कों पर जनहानि होती थी किन्तु अब विगत 2 वर्षों में जल भराव की स्थिति से निजात मिली है। स्लम स्वास्थ्य योजना, दाई दीदी क्लिनिक, धन्वंतरि सस्ती दवा दुकानों के माध्यम से लगातार बढ़ती महंगाई के बीच आम जनता को स्वास्थ्य सुविधाओं में लाभ मिल रहा है। किन्तु उन्होंने शहरी क्षेत्र की कुछ महत्वपूर्ण मांगों को भी संज्ञान में लाते हुए ठगड़ा बांध का कार्य पिछले एक वर्ष से लंबित होने एवं अमृत मिशन योजना के लिए बनाई गई गलत डीपीआर के कारण कई घरों में नल कनेक्शन नहीं दिए जाने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया साथ ही शहर में अधोसंरचना विकास के लिए 30 करोड़ की राशि जारी करने एवं स्विमिंग पूल व आउट डोर स्टेडियम के लिए मिली सैद्धांतिक सहमति को अमली जामा पहनाने के लिए राशि अतिशीघ्र जारी करने की मांग की।

## मारवाड़ी युवा मंच की यही है चाह, हर कोई चले अपनी संस्कृति की राह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश की मारवाड़ी युवा मंच भाटापारा शाखा द्वारा 'होली पर खुशीयों के रंग,हर मासुम के संग' कार्यक्रम के तहत,भाटापारा मारवाड़ी युवा मंच ने दर्जनों बच्चों को रंग, गुलाल, पिचकारी, टोपी आदी सामग्री का वितरण किया एवं उन बच्चो को अपनी भारतीय संस्कृति के अनुरूप मनाये जाने वाले तीज त्यौहार में हमेशा बढ़ चढ़कर मनाने के लिए प्रेरित किया एवं आज के दौर में जो बच्चे परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ नही होने के कारण तीज त्यौहार को पूर्ण हर्षोल्लास से नही मना पाते उन्हें विभिन्न पर्वो में विभिन्न पर्व अनुरूप सामग्री वितरण करने का निर्णय भी लिया।




उक्त कार्यक्रम नगर के पौराणिक स्थल स्थानीय मारवाड़ी कुंआ श्री शिव मंदिर परिसर में आयोजित किया गया, मायुम की नवीन कार्यकारिणी ने अध्यक्ष पंकज बावला,सचिव सौरभ शर्मा के द्वारा उक्त कार्यक्रम संचालित किया गया जिसमें उन्होंने संस्था के सभी वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन ले कर उक्त कार्यक्रम को मूर्त स्वरूप प्रदान किया एवं सभी वरिष्ठ सदस्यों ने अपने हाथों से बच्चों को रंग, गुलाल, टोपी, पिचकारी आदि होली पर्व की सामाग्री भेंट की सामाग्री प्राप्त करने के बाद सभी मासूम बच्चों के चेहरी की खुशी देखते ही बन रही थी।

## गुंजन्स आयोजनः बहुमूल्य योगदान के लिए महिलाओं का किया गया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई । गुंजन्स आयोजन के तत्वाधान में 15 मार्च को अतुल्य शक्ति नारी सम्मान समारोह (100 मोस्ट इंफ्लुएंशल वीमेन ऑफछत्तीसगढ़) संतोष रुंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महामहिम राज्यपाल छत्तीसगढ़ सुश्री अनुसुइया उइके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ किरणमयी नायक अध्यक्ष महिला आयोग छत्तीसगढ़ शामिल हुई। कार्यक्रम में क्षितिज चंद्राकर प्रदेशाध्यक्ष ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस संरक्षक, विशेष अतिथि के रूप में नीरज पाल महापौर भिलाई नगर पालिक निगम, मुकेश चंद्राकर अध्यक्ष भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी, आई पी मिश्रा एवं संतोष रुंगटा, सोनल रुंगटा, सौरभ रुंगटा शामिल हुए।**

कार्यक्रम में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ से नॉमिनेशन प्राप्त हुई, न सिर्फदुर्ग, भिलाई बल्कि जगदलपुर, बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़ से भी महिलायें ने उपस्थित दर्ज करवाई तथा विभिन्न क्षेत्रों में समाज को बहुमूल्य योगदान के लिए महिलाओं का सम्मान किया गया। विशेष कर ज़मीन से जुड़ी महिलाएं जिन्होंने समाज के समक्ष अपने उलेखनीय कार्यो से समाज को नई दिशा दिखाई उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल उइके ने अपने



उदभोदन में कार्यक्रम एवं आयोजकों की सराहना की एवं सभी महिलाओं को जीवन में उदेश्य तय कर लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की आयोजिका एवं गुंजन्स आयोजन की संचालिका श्रीमती गुंजन चौहान चंदेल ने बताया कि आज हर क्षेत्र में महिलाएं कंधे से कंधा मिला कर आगे बढ़ रही है और विश्व भर में अपना एवं देश का नाम रोशन कर रही है , उनका सम्मान करना हमारी संस्था के लिए गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि वे महामहिम राज्यपाल जी के गृहग्राम से है और हमेशा से ही उनकी प्रेरणा रही है। कार्यक्रम आयोजित करने में गुंजन्स आयोजन के सहसंचालक यश चंदेल एवं मार्गदर्शक के रूप में मनीष सोनी का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के आयोजन में संतोष रुंगटा ग्रुप का विशेष योगदान रहा।

## राज्यपाल के करकमलों से भिलाई की दीपा को मिला अतुल्य नारी शक्ति सम्मान



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** राज्यपाल अनुसुइया उइके द्वारा भिलाई की दीपा मेश्राम अदा मिसेस इन्डिया को सौंदर्य प्रतियोगिता, समाज सेवा, कथक नृत्यांगना एवं भील जनजाति क्षेत्र में विभिन्न कार्यो के लिए अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अतुल्य नारी शक्ति सम्मान 2022 मिला।

जहां अतिथि छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उइके, महिला आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक, आई पी मिश्रा, क्षितिज चंद्राकर ,नीरज पॉल(मेयर), संतोष रूंगटा मौजूद थे। जो कि गुंजन्स आयोजन द्वारा गुंजन चंदेल ने संतोष रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट आर 1 के प्रांगण में आयोजित किया गया था।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950